# दैनिक बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

एक विश्वास....

कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन क्यों है ...8

सिद्धार्थनगर

शुक्रवार, 03 जलाई 2026

वर्ष: 13 अंक : 201 पृष्ठ: 8

आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

सम्पादक : राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## India-Japan Partnership: एआई और रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक डील, भारत आएगा 10 अरब डॉलर का निवेश



नई दिल्ली। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची भारत दौरे पर आई हैं। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी शिष्टमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान के बीच आपसी विश्वास पहले से और ज्यादा मजबूत हुआ है। यह भरोसा ही दोनों देशों की सबसे बड़ी पूंजी है। पीएम मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री ताकाइची को अपनी छोटी बहन बताते हुए भारत में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### एआई और रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक समझौते

इस बैठक के दौरान भारत और जापान के बीच कई बड़े समझौते हुए, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता का क्षेत्र सबसे प्रमुख रहा। पीएम मोदी ने कहा कि जापान की बेहतरीन टेक्नोलॉजी और भारत की सॉफ्टवेयर क्षमता मिलकर दुनिया में एआई के विकास को नई रफ्तार देगी। इसके अलावा दोनों देशों ने हाइड्रोजन और न्यूक्लियर एनर्जी में भी सहयोग बढ़ाने का वादा किया। रक्षा क्षेत्र में पहली बार दोनों देशों के बीच मिलकर टेक्नोलॉजी बनाने का समझौता हुआ है, जिसके तहत नौसेना के रेडियो एंटीना श्यूनिकॉर्नश पर काम किया जाएगा।

### भारत में आएगा 10 अरब डॉलर का निवेश

आर्थिक मोर्चे पर भी यह बैठक बेहद कामयाब रही। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले एक साल में दोनों देशों के बीच करीब 120 नए व्यापारिक समझौते हुए हैं, जिससे भारत में 10 अरब डॉलर से ज्यादा का जापानी निवेश आएगा। उन्होंने कहा कि हमारा अगला लक्ष्य जापान से 10 ट्रिलियन येन का निवेश भारत लाना और अगले 10 सालों में भारत में काम करने वाली जापानी कंपनियों की संख्या को दोगुना करना है। भारत में हो रहे सुधारों की वजह से अब विदेशी कंपनियों के लिए व्यापार करना काफी आसान हो गया है।

## अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना का एक्शन

### आईएनएस त्रिकंद ने समुद्री लुटेरों के हमले को किया नाकाम



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद ने बीती रात अदन की खाड़ी में एक बड़ी बहादुरी दिखाते हुए समुद्री डाकुओं के हमले को नाकाम कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, डाकुओं ने एमवी गोल्डन आर्सेनल नाम के एक मालवाहक जहाज पर हमला किया था, जिसे भारतीय नौसेना ने समय रहते बचा लिया।

सुरक्षित कमरे में बंद हुए चालक दल के सदस्य

जहाज पर हमला होते ही चालक दल के सदस्यों ने सूझबूझ दिखाई और खुद को एक सुरक्षित कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद उन्होंने तुरंत रेडियो संचार के जरिए नौसेना को इस हमले की जानकारी दी। इस जहाज पर एक भारतीय चालक दल का सदस्य भी मौजूद था और जहाज भारत के लिए बेहद जरूरी और महत्वपूर्ण सामान लेकर आ रहा था।

मार्कोस कमांडोज ने संभाला मोर्चा

जैसे ही भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद तेजी से संकट में फंसे जहाज की तरफ बढ़ा, उसे आता देख समुद्री डाकू डरकर वहां से भाग खड़े हुए। इसके बाद नौसेना के घातक मार्कोस कमांडोज जहाज पर उतरे और पूरे जहाज की बारीकी से जांच की ताकि यह पक्का किया जा सके कि वहां अब कोई खतरा नहीं है। कमांडोज की इस मुस्तैदी से जहाज और उसके सभी सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## यूपी टेटः पहले दिन 84.76 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की वर्ष 2026 की तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) पहले दिन उच्च प्राथमिक स्तर के लिए कराई गई। दोनों पालियों के लिए पंजीकृत 8,07,636 अभ्यर्थियों में से 84.76 प्रतिशत ने परीक्षा दी। परीक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से संदिग्धों की जांच के दौरान पहली पाली में सात तथा दूसरी पाली में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए आठ साल्वरों को अलग–अलग जिलों के केंद्रों से पकड़ा गया। सभी 15 सॉल्वरों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। किसी केंद्र से किसी तरह की गड़बड़ी को कोई सूचना आयोग को नहीं मिली है। विज्ञापन संख्या–01/ यूपीटीईटी/2026 के तहत गुरुवार को प्रथम पाली में सुबह 09:30 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 02:30 बजे से



05:00 बजे तक 60 जिलों के 955 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान आयोग के एआइ इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने सदस्यों, सचिव, परीक्षा नियंत्रक व उपसचिवों के साथ सभी परीक्षा केंद्रों की आनलाइन निगरानी की।

### 15 फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ा गया

परीक्षा केंद्रों पर एजेंसी की ओर से लगाए गए एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर दृष्टि रखी गई। एआइ की मदद से संदिग्धों की सघन जांच के दौरान विभिन्न जनपदों में दोनों पालियों में 15 फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ा गया। इन सभी को विधिक कार्यवाही किए जाने के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा प्रदेश के सभी केंद्रों पर पारदर्शी, नकल विहीन परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों पर आयोग की ओर बनाए सभी 60 प्रेक्षकों ने सघन निगरानी की। आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने अनुसार दोनों पालियों में 6,84,614 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 84.69 प्रतिशत और पुरुष अभ्यर्थियों की उपस्थिति 84.86 प्रतिशत रही। जिन परीक्षार्थियों के स्थान पर साल्वर पकड़े गए हैं, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।

## 'बम–बम भोले' के जयघोष के साथ अमरनाथ यात्रियों का पहला काफिला रवाना

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दिखाई हरी झंडी



श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित पहलगाम और बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना किया। करीब 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 57 दिनों की वार्षिक तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी। यात्रा अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान–पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले के 14 किलोमीटर लंबे, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से एक साथ आरंभ होगी। इसका समापन 28 अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल सिन्हा ने तीर्थयात्रियों के काफिले को रवाना करने से पहले भगवती नगर आधार शिविर में विशेष पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा, भाजपा सांसद जुगल किशोर शर्मा, भाजपा के स्थानीय विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। 'बम–बम भोले', 'हर–हर महादेव' और 'जय बर्फानी बाबा की' के जयघोष के बीच पांच हजार से अधिक तीर्थयात्री कड़े सुरक्षा प्रबंध में सुरक्षित वाहनों के काफिले में दोनों आधार शिविरों के लिए रवाना हुए। समारोह के बाद उपराज्यपाल सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''हर–हर महादेव! बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए यात्रा शुरू हो गई है। जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से श्री अमरनाथ जी यात्रा–2026 के लिए तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। अमरनाथ यात्रा गहन आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक है।'' उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर बढ़ाया गया प्रत्येक कदम भगवान शिव के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और भक्ति का प्रतीक है।

## बेंगलुरु में दर्दनाक हादसा!

### पत्थर खदान में चट्टान गिरने से बिहार के 7 मजदूरों की मौत, कई घायल, जांच में जुटी पुलिस



बेंगलुरु । कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाला हादसा सामने आया है। बेंगलुरु दक्षिण तालुक के मडापट्टना में गुरुवार सुबह एक पत्थर की खदान (जवदम फनंततल) में काम के दौरान एक विशालकाय चट्टान गिर गई। इस हादसे में बिहार के रहने वाले कम से कम सात दिहाड़ी मजदूरों की मलबे में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए खदान मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में पत्थर की एक खदान में बड़ी चट्टान गिरने से बिहार के कम से कम सात मजदूरों की मौत हो गई।

### सीएम शिवकुमार ने दुख जताया

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु दक्षिण तालुक के मडापट्टना में क्रशर साइट पर चट्टान गिरने से सात मजदूरों की मौत पर दुख जताया और इस घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा, षबेंगलुरु दक्षिण तालुक के मडापट्टना में क्रशर की दीवार गिरने से 7 मजदूरों की मौत हो गई है, जिससे गहरा दुख हुआ है।

## बहराइच में ड्रग्स नेटवर्क पर बड़ा प्रहार

### अवैध गोदाम से कोडीनयुक्त कफ सिरप की 8,000 शीशियां बरामद



बहराइच। जिले में औषधि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक दवा कारोबारी के अवैध गोदाम पर छापेमारी करकोडीनयुक्त कफ सिरप की 8,000 से अधिक शीशियां बरामद की हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जिला औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण ने बृहस्पतिवार को बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर बुधवार को औषधि विभाग, थाना दरगाह शरीफ और थाना रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के परसौरा गांव में दवा कारोबारी अजय कुमार यादव के एक अवैध गोदाम पर छापेमारी की।

### दो दिन पहले सीमाई इलाके में भी हुई थी कार्रवाई

*बहराइच में कफ सिरप की तस्करी का यह कोई पहला मामला नहीं है। भारत–नेपाल सीमा के नजदीक होने के कारण इन क्षेत्रों में नशीली दवाओं की तस्करी के प्रयास लगातार किए जाते रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई से ठीक दो दिन पहले भी टीम ने रूपईडीहा क्षेत्र में एक आयुर्वेदिक दवा स्टोर पर छापेमारी की थी। वहां से भी कोडीनयुक्त कफ सिरप की 2,000 से अधिक शीशियां बरामद की गई थीं और स्टोर संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या इन दोनों मामलों के तार आपस में जुड़े हुए हैं और इस अवैध खेप को सीमा पार नेपाल भेजने की योजना तो नहीं थी।*

## दिल्ली पुलिस ने नाकाम किया ISI का आत्मघाती प्लान, दहलने से बची दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए पाकिस्तान खुफिया एजेंसी समर्थित एक बड़े अंतर–राज्यीय आतंकी और हथियार तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस मामले में चार कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी आरोपी पाकिस्तान में बैठे हैंडलर शहजाद भट्टी और उसके गुर्गों के सीधे संपर्क में थे और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बड़े आतंकी हमले और सिलसिलेवार गोलीबारी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, आरोपी पाकिस्तान में बैठे ऑपरेटर्स के संपर्क में थे और पकड़े जाने से बचने के लिए अपने हैंडलर्स द्वारा उपलब्ध कराए गए विदेशी फोन नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की पहचान इस प्रकार की गई है: शुभदीप सिंह उर्फ विशाल (23), निवासी तरनतारन, पंजाब गुरजंट सिंह उर्फ ऋषि (22), निवासी तरनतारन, पंजाब साजन सिंह उर्फ हनी (28), निवासी अमृतसर, पंजाब गगनप्रीत (24), निवासी फतेहगढ़ साहिब, पंजाब

## रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर ने किया 5 वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित

### धरती के देवता हैं चिकित्सकः डा. वी.के. वर्मा



दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। डाक्टर डे के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा 5 वरिष्ठ चिकित्सकों को उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष डा वी. के. वर्मा ने क्लब पदाधिकारियों के साथ चिकित्सको को सम्मानित करते हुये कहा कि अच्छे चिकित्सक धरती के देवता है जो पीड़ित लोगों को अपनी योग्यता से जीवन दान देने में सहयोगी बनते हैं।रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा डा. प्रणय स्मृति पटेल बाल रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल बस्ती, डा अनीस अर्थोपैडिक, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा के.के. तिवारी, डा आर एन चौधरी, डा उषा सिंह तथा 2 युवा चार्टड् एकाउन्टेन्ट सीए विराज गाडिया, सीए सुरभी बंसल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव रोटेरियन सुमिर गोयल, डा.एस एन चौधरी, डा. आलोक रंजन, आर डी चौधरी, किशन कुमार गोयल, प्रतिभा गोयल, राजेश्वरी, महंत राम वर्मा, विकास आदि ने योगदान दिया।

## उपचुनाव का बिगुल! चुनाव आयोग ने बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की 3 विधानसभा सीटों के लिए किया तारीखों का ऐलान, देखें पूरा शेड्यूल

नई दिल्ली। देश के तीन प्रमुख राज्यों– बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात में राजनीतिक सरगर्मियां एक बार फिर तेज होने वाली हैं। चुनाव आयोग ने गुरुवार को इन राज्यों की तीन रिक्त विधानसभा सीटों पर उपचुनाव (ठल–म्समबजपवदे) कराने के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इन सभी सीटों पर आगामी 30 जुलाई को मतदान (वोटिंग) होगा, जबकि मतों की गिनती और नतीजों का ऐलान 3 अगस्त को किया जाएगा। जिन तीन सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मंजलपुर सीट शामिल है।



किन सीटों पर क्यों हो रहे हैं चुनाव? जानिए सियासी समीकरण

1. बांकीपुर विधानसभा (बिहार)– बिहार की हाई–प्रोफाइल बांकीपुर सीट पर उपचुनाव भाजपा (ठश्रच) नेता नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद हो रहा है। नितिन नवीन को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद वे अब राज्यसभा के सदस्य चुने जा चुके हैं, जिसके कारण उन्होंने विधानसभा सदस्यता छोड़ दी थी। गौरतलब है कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में नितिन नवीन ने राष्ट्रीय जनता दल (त्श्रक) की रेखा कुमारी को 51,000 से अधिक वोटों के भारी अंतर से शिकस्त दी थी।

2. दतिया विधानसभा (मध्य प्रदेश)– मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प होने की उम्मीद है। यह सीट कांग्रेस के विधायक राजेंद्र भारती को धोखाधड़ी के एक मामले में अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य (क्पुनंसपपिमक) घोषित किए जाने से खाली हुई है। राजेंद्र भारती ने 2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को हराकर उलटफेर किया था।

3. मंजलपुर विधानसभा (गुजरात)– गुजरात के वडोदरा क्षेत्र की मंजलपुर सीट पर उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक योगेश पटेल के दुखद निधन के कारण हो रहा है। योगेश पटेल ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तशवीन सिंह को 1 लाख से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से पराजित किया था।

उपचुनाव का शेड्यूल– उपचुनाव के लिए नोटिफिकेशन 6 जुलाई को जारी किया जाएगा। नॉमिनेशन पेपर भरने की आखिरी तारीख 13 जुलाई तय की गई है। नॉमिनेशन पेपर की जांच 14 जुलाई को होगी और नॉमिनेशन वापस लेने की आखिरी तारीख 16 जुलाई तय की गई है।

# भानपुर में संचारी रोग को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** मच्छरदानी लगाकर कर सोना मच्छर जनित संचारी रोगों से बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। इस बात की जानकारी डिप्टी सीवीओ भानपुर डॉ बलराम चौरसिया ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतर्गत गुरुवार को नरखोरिया में शूकर पालक जागरूकता गोष्ठि में मच्छरदानी भेंट करते हुए दी। बताया कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया की तरह जापानीज इंसेफेलाइटिस भी एक घातक विषाणुजनित संचारी रोग है। जापानीज इंसेफलाइटिस या दिमागी बुखार के विषाणु शुअर के शरीर में प्राक्रतिक रूप से पलते हैं। जो मच्छरों के जरिए इंसान तक पहुंच कर दिमागी बुखार का कारण बन सकतें हैं। मादा मच्छर एक बार में दो सौ अंडे रुके हुए पानी में देती है। अंडा देने के पहले इन्हें




अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है इसलिए मादा मच्छर रक्त पान करतीं हैं,जब कि नर मच्छर फूलों के रस आदि पर निर्भर रहते हैं। अंडे से एक सप्ताह में लार्वा,प्यूपा,वयस्क मच्छर विकसित होतें है। मच्छर रात्रिचर होने के कारण अंधेरे में इनकी क्रियाशीलता बढ़ जाती है। मच्छर जनित संचारी रोगो से बचाव के लिए अपने घर एवं आस पास साफ सुथरा रखें। पानी न जमा होने दे। नाली एवं कीचड़ युक्त स्थानों पर कीटनाशक रसायन का छिड़काव करें तथा सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर कीटनाशक घोल का छिड़काव कराते हुए डॉ चौरसिया ने शूकर पालक भाइयों से शुअरपालन छोड़ कोई अन्य व्यवसाय अपनाने की अपील की। मौके पर शीला, विशंभर, राकेश, पप्पू,रेखा, आदि मौजूद रहे।

# अभाविप के सिद्धार्थनगर जिला संयोजक बने यश राज शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

**सिद्धार्थनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) गोरक्ष प्रांत द्वारा बस्ती में आयोजित प्रांत अभ्यास वर्ग के समापन अवसर पर संगठन के नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। इसी क्रम में यश राज शर्मा को अभाविप सिद्धार्थनगर का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। दायित्व घोषणा के बाद परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने यश राज शर्मा को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सिद्धार्थनगर इकाई छात्रहित, संगठन विस्तार, शैक्षिक सुधार तथा राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयामों में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी। नवनियुक्त जिला संयोजक यश राज शर्मा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद



ने जो विश्वास उन पर व्यक्त किया है, वह उनके लिए गौरव के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि वे परिषद की राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान, युवाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास तथा जिले के प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त अभियान है। इस दायित्व का निर्वहन करते हुए वे छात्र शक्ति को समाज एवं राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने तथा सिद्धार्थनगर में परिषद को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का सतत प्रयास करेंगे।

# रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर ने किया 5 वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** डाक्टर डे के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा 5 वरिष्ठ चिकित्सकों को उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष डा वी. के. वर्मा ने क्लब पदाधिकारियों के साथ चिकित्सको को सम्मानित करते हुये कहा कि अच्छे चिकित्सक धरती



के देवता है जो पीड़ित लोगों को अपनी योग्यता से जीवन दान देने में सहयोगी बनते हैं। रोटरी क्लब बस्ती ग्रेटर द्वारा डा. प्रणय स्मृति पटेल बाल रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल बस्ती, डा अनीस अर्थोपैडिक, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा के.के. तिवारी, डा आर एन चौधरी, डा उषा सिंह तथा 2 युवा चार्टर्ड् एकाउन्टेन्ट सीए विराज गाडिया, सीए सुरभी बंसल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव रोटेरियन सुमिर गोयल, डा.एस एन चौधरी, डा. आलोक रंजन, आर डी चौधरी, किशन कुमार गोयल, प्रतिभा गोयल, राजेश्वरी, महंत राम वर्मा, विकास आदि ने योगदान दिया।

# अब पंचायतें खुद तय करेंगी कि गांव का विकास कार्य, बढी मजदूरी-अभिषेक कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** साऊंघाट के ब्लाक प्रमुख अभिषेक कुमार ने गुरूवार को कोड़रा गांव में श्रम दान के साथ 'वीबी जी राम जी' योजना की शुरूआत किया। उन्होने जीरामजी श्रमिकों के साथ कार्य करने के साथ ही बताया कि जाब कार्ड धारकों को मनरेगा के स्थान पर अब जीराम जी योजना के तहत पहले से अधिक दिन कार्य करने का अवसर मिलेगा।उन्होने बताया कि अब ग्रामीण मजदूरों को 100 की जगह साल में 125 दिन काम की गारंटी मिलेगी। न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर प्रतिदिन 300 रुपये कर दिया गया है। पंचायतें



खुद तय करेंगी कि गांव में तालाब, स्कूल, सड़क, और नाली जैसे कौन से काम कराने हैं। काम में धांधली रोकने के लिए ऑनलाइन सिस्टम, जीपीएस और मोबाइल ट्रैकिंग का इस्तेमाल किया जायेगा। इससे श्रमिकों को काफी लाभ होगा।इस मौके पर सचिव अशोक कुमार, तत्कालीन ग्राम प्रधान शशि कला के साथ ही श्रमिक राम भेज, रितिक चौधरी, मुन्नू, कल्पा, शकुंतला, अमरजीत, राम शब्द, कन्हैयालाल, आशा देवी आदि ने योगदान दिया।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

जौनपुर। लाईनबाजार क्षेत्र के परियावा गांव के शहजादनगर वनपुरवा के पास बगीचे में रात गांव के ही एक युवक का शव पेड़ से गमझे से लटकता मिला।घटना की जानकारी होते ही गांव के लोग व पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव के 26 वर्षीय विजय यादव पुत्र भुल्लूर यादव लगभग दो सौ मीटर दूर स्थित एक बगीचे में एक चिलबिल के पेड़ से गमझे के सहारे से लटक रहा था।चर्चा है युवक का उसकी पत्नी से झगड़ा होता रहता था।पत्नी इस समय मायके में गयी थी।. शाम को ही उसका परिवार के सदस्यों के साथ कुछ कहासुनी हुई थी।पारिवारिक विवाद के चलते ही उसने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

# पद्मश्री सम्मान के बाद पहली बार बहन के घर पहुंचे प्रो. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, तिलक-माल्यार्पण से हुआ भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश





**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने के बाद गुरुवार को प्रख्यात चिकित्सक प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पहली बार डुमरियागंज स्थित अपनी बहन गीता देवी के आवास पहुंचे। वार्ड महाराजा अग्रसेन नगर में उनके आगमन पर बहन ने तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर और उनका स्वागत करते हुए अपनी खुशी व्यक्त की। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर डा. राजेंद्र प्रसाद को श्वसन रोग, टीबी नियंत्रण और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में कई दशक तक किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए इसी वर्ष पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया हैं। प्रो. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्म 17 फरवरी 1950 को बस्ती जनपद के मुंडेरवा में हुआ था। दो भाइयों और एक बहन में वह दूसरे नंबर पर हैं। चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उन्हें पद्मश्री के अलावा वीसी रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। गौरतलब है कि 25 जनवरी को भारत सरकार ने उन्हें देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री के लिए चयनित किया था। इसके बाद 2 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें सम्मानित किया और 25 मई को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति के हाथों उन्हें पद्मश्री अलंकरण प्रदान किया गया। प्रो. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की छोटी बहन गीता देवी का विवाह डुमरियागंज कस्बे के वार्ड संख्या 10 महाराजा अग्रसेन नगर निवासी प्रतिष्ठित अधिवक्ता शक्ति प्रकाश अग्रहरि के साथ हुआ है। पद्मश्री सम्मान मिलने के बाद भाई के पहली बार घर पहुंचने पर परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहा। हमारे प्रतिनिधि से विशेष बातचीत में प्रो. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने बताया कि मेहनत और ईमानदारी का यह संस्कार उन्हें अपने पिता से विरासत में मिला, जिसने जीवन के हर पड़ाव पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान मीरा, अजय अग्रहरि, राजीव कुमार, अभिषेक, मनीषा, सोनम, अन्नपूर्णा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला - महेश शुक्ल

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** जिले में शत-प्रतिशत नामांकन और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जनपद स्तरीय जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के मुख्य अतिथि गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रैली को बीएसए प्रांगण से रवाना किया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। रैली को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और उसे विद्यालय तक पहुंचाना समाज की साझा जिम्मेदारी है। क्योंकि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि सरकार परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं




उपलब्ध करा रही है। ऐसे में अभिभावक अपने बच्चों का समय से विद्यालय में नामांकन कराएं और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार है। रैली के साथ बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं से संबंधित आकर्षक झांकियां एवं प्रचार वाहन भी शामिल रहे। इनके माध्यम से निपुण भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, समग्र शिक्षा, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्कूल बैग, स्वेटर, मध्यान्ह भोजन और दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा जैसी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। बीएसए अनूप कुमार तिवारी ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने शिक्षकों से घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने का आह्वान किया। रैली में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी, जिला समन्वयक सत्येंद्र चंद्र श्रीवास्तव, जिला समन्वयक सुनील कुमार त्रिपाठी, अमित मिश्र, ईश्वर चंद्र पाण्डेय, स्वप्निल श्रीवास्तव, आलोक त्रिपाठी, एसआरजी आशीष श्रीवास्तव, अनिल कुमार पाण्डेय, जितेंद्र कुमार सिंह, मंजू यादव, शालिनी रानी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बीसीडीए ग्रामीण क्षेत्र अध्यक्ष बने मनोज सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। बस्ती केमिस्ट्स एण्ड




ड्रगिस्ट एसोसिएशन 'बीसीडीए' की बैठक अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिविर कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में बीसीडीए को ग्रामीण क्षेत्रों में और प्रभावी बनाये जाने के उद्देश्य से सर्व सम्मत से बी. एम. मेडिकल स्टोर के प्रोपराइटर एवं पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह को ग्रामीण क्षेत्र के जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।बीसीडीए पदाधिकारियों ने कहा कि निश्चित रूप से मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित समस्याओं का निराकरण कर दवा क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को समुचित नेतृत्व मिलेगा।

मनोज कुमार सिंह को बीसीडीए ग्रामीण क्षेत्र का अध्यक्ष बनाये जाने पर मुख्य रूप से राना दिनेश प्रताप सिंह, विशाल मल्होत्रा, , अशोक कुमार केशरवानी, राम गोपाल कसौधन, इन्द्रमणि पाण्डेय, शीतला पटेल, पवन मल्होत्रा,आशुतोष कुमार राय, शिव मूरत मिश्रा, राकेश पाण्डेय, जमशेद आलम आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने ठेला - रेहड़ी वालों और सब्जी विक्रेताओ को बांटे छात

दैनिक बुद्ध का संदेश

**बस्ती।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पचपेड़िया रोड एवं रोडवेज क्षेत्र में असहाय ठेला-रेहड़ी संचालकों, सब्जी विक्रेताओं को छाता वितरित किया गया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों का हालचाल भी जाना और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। छाता पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों की सेवा करना उनके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी और सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास जरूरतमंद लोगों को राहत देने के साथ-साथ समाज में संवेदनशीलता का संदेश भी देते हैं। कहा कि बस्ती की जनता ने उन्हें जो स्नेह और विश्वास दिया है, उसी के बल पर वह लगातार जनसेवा के कार्यों में जुटे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जरूरतमंदों की हर संभव मदद करते रहेंगे।विधायक ने कहा की इन लोगों की मेहनत से ही शहर की जीवन व्यवस्था चलती है। उनकी छोटी-सी जरूरत पूरी कर मुझे आत्मिक संतोष मिला है। मैं बस्ती की पावन माटी को नमन करता हूं। मुझे गर्व है कि मेरा जन्म इसी



धरती पर हुआ और बस्ती की जनता की सेवा करने का अवसर मिला। जब तक जनता का आशीर्वाद मिलेगा, मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ लोगों की सेवा करता रहूंगा।

# समाधान समारोह-2026 के तहत 21 से 23 अगस्त तक लगेगी विशेष लोक अदालत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।माननीय मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशन में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों के आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण के लिए समाधान समारोह-2026 अभियान संचालित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के सचिव (पूर्णकालिक) शैलेन्द्र नाथ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का शुभारंभ 21 अप्रैल 2026 को किया गया था, जबकि इसका समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के साथ होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।सचिव ने बताया कि समाधान समारोह का उद्देश्य न्याय को सरल, सुलभ और त्वरित बनाना है, ताकि आपसी सहमति एवं संवाद के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके। अभियान के दौरान पक्षकारों के बीच सुलह वार्ता का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों तथा मध्यस्थता केंद्रों पर किया जा रहा है। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पक्षकारों को समझौते तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं, वादकारियों तथा सभी संबंधित पक्षों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर आपसी सहमति से अपने मामलों का निस्तारण कराएं, जिससे समय, धन और न्यायिक संसाधनों की बचत हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस संबंध में आमजन से भी अधिक से अधिक लाभ उठाने और समाधान समारोह-2026 में सहभागिता करने का आह्वान किया है।

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी महोदय जिला-सिद्धार्थनगर**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 , मजमुआं जाब्ता दीवानी सन् 1980 ई0)**

**सदानन्द बनाम श्याम लाल आदि**

सम्मन बनाम प्रतिवादी 1. अरबुनिशा पत्नी अब्दुल सलाम,2. अब्दुल मोबीन,3.संगीर अहमद,4.अबदुलगनी,5. अब्दुल अली,6.मो.रेहान पुत्रगण अब्दुल सलाम सा0 लेटिया तप्पा हलैर परगना रसूलपुर त0 डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर,7. अजीजुल्लाह,8.हकी कुल्लाह पुत्रगण पाचू , 9. इबरार अली,10. अकबर अली,11. मो. मुकीम पुत्रगण मो. इद्दरीश,सा0कमदलालपुर, तप्पा कोट लिया त0 इटवा परगना बांसी पश्चिम ,जनपद सिद्धार्थनगर 12. श्यामलाल पुत्र तिलकराम,13. राम समुझ पुत्र श्रीराम,14. श्रीमती कलावती पत्नी राजकुमार,15. पाचु पुत्र इलाही,16. श्रीमती सरिता उपाध्याय पत्नी राजाराम,सा0कमदलालपुर, तप्पा कोटलिया परगना बांसी पश्चिम त0इटवा,जनपद सिद्धार्थनगर नें आपके नाम एक नालिश बाबत बाद दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 10 माह 07 सन् 2026 ई0 को उक्त न्यायालय में उपस्थित होवें तथा हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूर मुत्तलिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो जवाब ऐसे सावालात का दे सके, हाजिर होवें और जवाब देही दावा देवें और हरगाह वही तारीख 10/07/2026 को आपकी हाजिरी के लिए मुकरर्र है वास्ते इस इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है, पर आपको लाजिम है की उसी रोज उसके कुल जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जवाबदेही में ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों उसी रोज पेश कीजिए, जिस तारीख को आपको उपस्थित होने के हुक्म दिया गया है। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूआ और फैसला होगा।

बरवक्त मेंरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 29 माह 06 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

**श्रीमान अपर जिलाधिकारी**
**महोदय जिला-सिद्धार्थनगर**

## अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर लगातार दूसरे दिन हुआ वृक्षारोपण, सपा नेता उग्रसेन सिंह ने किया नेतृत्व

दैनिक बुद्ध का संदेश







**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए के जननायक अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर 302–शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा सेमरा के टोला मसीना में लगातार दूसरे दिन भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सपा नेता उग्रसेन सिंह ने किया, जबकि इसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिवस को सेवा, सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सके। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) मिशन को जन–जन तक पहुंचाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में जिला सचिव रामू यादव, पूर्व प्रधान सलीम, बहादुर अली, मोहम्मद सिद्दीकी, सुरजीत, सुबास, महबूब आलम, कायर, सफीउल्लाह, राम, अनिल, अहसानुल्लाह, जितेंद्र, रामदास, सिराज, सोनू, अमरीश चौधरी, हरिद्वार, गुलाम, बबलू, निजामुद्दीन, नीरज चौरसिया, निजाम, सुदामा गिरी, फतेह खान, मोहम्मद राजा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## खेसरहा में नए पुल का एप्रोच मार्ग दलदल बना हल्की बारिश में आवागमन ठप, राहगीर परेशान

दैनिक बुद्ध का संदेश





**खेसरहा।** विकासखंड खेसरहा के बेलौहा–घोसियारी मार्ग पर नवनिर्मित लक्ष्मीगंज पुल का एप्रोच मार्ग बदहाल स्थिति में है। इससे क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। आरोप है कि पुल के आगे और पीछे गिट्टी व अन्य मजबूत सामग्री के बजाय केवल मिट्टी भर दी गई है, जिसके कारण हल्की बारिश में ही पूरा रास्ता दलदल में बदल जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। कीचड़ और फिसलन के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। कई वाहन रास्ते में फंस जाते हैं। हाल ही में एक ट्रैक्टर भी दलदल में धंस गया था, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। लक्ष्मीगंज निवासी पप्पू ने बताया कि यदि किसी की तबीयत अचानक खराब हो जाए या कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो, तो मरीज को अस्पताल पहुंचाना बड़ी चुनौती बन जाता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द एप्रोच मार्ग को गिट्टी और अन्य उपयुक्त सामग्री से मजबूत करने की मांग की है। **इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अवर अभियंता के. मोहन लाल गुप्ता से फोन पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा, ष्कार्यालय पर आइए, तब जानकारी दी जाएगी।ष वहीं, ठेकेदार के मुंशी ने कथित तौर पर कहा, ष्ऐसे ही रहेगा, जो करना है कर लो।ष्**ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से तत्काल संज्ञान लेकर एप्रोच मार्ग का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे बरसात के मौसम में लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

## जिलाधिकारी व एसपी ने यूपीटीईटी परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

दैनिक बुद्ध का संदेश





**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (न्च्ज्म्ज)–2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी. एन. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान जय किसान इंटर कॉलेज, सकतपुर सनई परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र के सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा संचालन में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए। साथ ही अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खेसरहा के प्राथमिक विद्यालय का हैंडपंप खराब, दूषित पानी: बच्चों की सेहत पर खतरा, मिड डे मील भी प्रभावित

दैनिक बुद्ध का संदेश शशांक मिश्रा

**खेसरहा।** विकासखंड खेसरहा की ग्राम पंचायत भूसौला स्थित प्राथमिक विद्यालय में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप खराब हो गया है। हैंडपंप से पर्याप्त पानी नहीं निकल रहा है, और जो पानी उपलब्ध है वह दूषित बताया जा रहा है। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की इस कमी का असर विद्यालय की मिड डे मील योजना पर भी पड़ रहा है। स्वच्छ पानी उपलब्ध न होने के कारण भोजन बनाने और बच्चों को पीने का पानी देने में कठिनाई हो रही है। इस स्थिति से बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील पांडे ने बताया कि इंडिया मार्का हैंडपंप लंबे समय से खराब है। उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी है, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है। पांडे के अनुसार, पानी की समस्या के कारण मिड डे मील का संचालन और बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है। ग्राम प्रधान रूप नारायण ने इस समस्या की जानकारी होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को अवगत कराया जाएगा और जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत या नई व्यवस्था कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि बच्चों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से खराब हैंडपंप की तत्काल मरम्मत कराने और बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित न हों।






## हकारिता सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता अभियान तथा नैनो उर्वरक आधारित किसान सभा कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का संदेश





**सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को शोहरतगढ़ ब्लॉक के ग्राम महादेवा नानकार में किसान सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी,नैनो जिंक, कंसोर्टिया , सागरिका जल विलय उर्वरक एवं, बायो डीकंपोजर आदि के महत्व के बारे में बताया गया। किसानों को बताया गया कि पारंपरिक बोरी वाले उर्वरकों की तुलना में नैनो तरल तकनीक कितनी प्रभावी और सुलभ है। किसानों को इसके घोल के सही मात्रा और छिड़काव के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में तकनीकी जानकारी दी गई। किसानों को लागत कम करने और बेहतर मुनाफे के लिए नैनो उत्पादों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। किसानों की प्रतिक्रिया अत्यंत सकारात्मक रही वैज्ञानिक आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग किया जा सके। इससे खेती की लागत को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिल सकती है। यह भी अवगत कराया गया कि नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी सागरिका के प्रयोग से पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों की मात्रा को लगभग आधा किया जा सकता है इस कार्यक्रम में एडीओ एजी राजीव सिंह, इफको क्षेत्रीय अधिकारी शिशु पाल, इफको एम सी क्षेत्रीय अधिकारी योगेन्द्र कुमार , एस एफ ए गिरजेश मौर्य, इफको एम सी एम डी ए संजय मौर्य,ए टी एम श्रीधर शर्मा , वी–पैक्स महादेवा नानकार के सचिव ज्वाला सिंह आदि मौजूद रहे।

## खेसरहा के ढोढौरा जूनियर हाई स्कूल में वॉल वाटिका अधूरी: इंटरलाकिंग की जगह ईंटें, अराजक तत्वों से बढ़ीं समस्याएं

दैनिक बुद्ध का संदेश शशांक मिश्रा

**खेसरहा।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढोढौरा स्थित जूनियर हाई स्कूल में विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं को लेकर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इससे विद्यालय की व्यवस्था प्रभावित हो रही है और अराजक तत्वों की गतिविधियां बढ़ गई हैं। विद्यालय परिसर में ग्राम पंचायत द्वारा बनाई जा रही वॉल वाटिका का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा है। वहीं, परिसर में इंटरलॉकिंग लगाने के बजाय केवल ईंटें बिछा दी गई हैं, जो कई स्थानों पर उखड़ चुकी हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोरखनाथ मिश्र ने बताया कि मुख्य गेट बंद होने के बावजूद गांव के कुछ अराजक तत्व पेड़ों के सहारे बाउंड्री के अंदर प्रवेश कर जाते हैं। वे परिसर में तोड़फोड़ करते हैं, पानी की टोटियां उखाड़ ले जाते हैं और शौच भी कर देते हैं। इससे विद्यालय का वातावरण दूषित होता है और विद्यार्थियों व शिक्षकों को परेशानी होती है। प्रधानाध्यापक गोरखनाथ मिश्र ने यह भी बताया कि इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने विद्यालय की सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने को एक बड़ी चुनौती बताया। ग्राम प्रधान जाबिर अली ने इस संबंध में कहा कि वॉल वाटिका का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाएगा। उन्होंने इंटरलॉकिंग सहित अन्य आवश्यक कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर कराने का आश्वासन दिया। प्रधान ने अराजक तत्वों के प्रवेश की शिकायत मिलने की बात स्वीकार करते हुए विद्यालय प्रबंधन के साथ मिलकर उचित व्यवस्था करने का वादा किया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय बच्चों के भविष्य से जुड़ा संस्थान है। ऐसे में अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने और विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी हस्तक्षेप करना चाहिए।





## हिमांशु द्विवेदी को रक्तदान के क्षेत्र में राष्ट्रीय सम्मान, 'नेशनल सोशल इम्पैक्ट अवार्ड' से हुए सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

**भनवापुर/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के लिए गर्व का विषय है कि रक्तदान एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षक एवं समाजसेवी हिमांशु द्विवेदी को राष्ट्रीय स्तर पर ष्नेशनल सोशल इम्पैक्ट अवार्डष से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान 28 जून 2026 को निफा उत्तर प्रदेश द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित ष्संवेदना–2 सम्मान समारोहष के दौरान प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य रक्तदान, अंगदान और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना तथा समाज में मानव सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में देशभर से आए समाजसेवियों, रक्तवीरों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान रहीं, जबकि राज्य मंत्री नटवर गोयल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल, वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लैंड) के वाइस चेयरमैन संजय पांजवानी, निफा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अश्विनी शेट्टी, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, सर्वेश अस्थाना तथा सोटो के संयुक्त निदेशक डॉ. हर्षवर्धन द्विवेदी सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान और अंगदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने और अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने रक्तदान को जनआंदोलन बनाने पर बल देते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है।शिक्षक एवं समाजसेवी हिमांशु द्विवेदी को यह राष्ट्रीय सम्मान रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाने, जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके निरंतर समर्पित कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उनके इस सम्मान से सिद्धार्थनगर जनपद के लोगों में खुशी का माहौल है। सामाजिक संगठनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे पूरे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया है। समारोह के अंत में निफा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दुबे ने सभी अतिथियों, सम्मानित प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में रक्तदान और अंगदान के प्रति जनजागरूकता के ऐसे अभियान लगातार चलाने का संकल्प दोहराया।




## चिकित्सकों ने दी डॉ. सैमुएल हैनिमैन को श्रद्धांजलि

दैनिक बुद्ध का संदेश

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** बृहस्पतिवार को अपने चिकित्सक पर डा,सैमुएल को मालाअर्पण कर श्रंद्धाजलि दी साथ ही डा,भास्कर शर्मा द्वारा होम्योपैथी चिकित्सा प्रणाली के जन्मदाता डॉ.सैमुअल फैड्रिक सी हैनिमैन की पुण्यतिथि शहर के होम्योपैथिक चिकित्सकों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई। इस अवसर पर डा,शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सालय एंड रिसर्च सेंटर इटवा, सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के चीफ होमियोपैथिक कंसल्टेंट डा.भास्कर शर्मा ने डॉ.सैमुअल फैड्रिक सी हैनिमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दो मिनट मौन धारण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।सिद्धार्थनगर के वरिष्ठ होमियोपैथिक डा.भास्कर शर्मा ने कहा कि दुनिया के कई देशों में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति अपना महत्वपूर्ण स्थान स्थापित कर चुकी है। भारत में इसकी लोकप्रियता दूसरे स्थान पर है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत जैसे विकासशील देश में लोग इसे अपनाकर बहुत सारी बीमारियों का इलाज सस्ते में कर रहे हैं और स्वस्थ भी हो रहे हैं। डॉ. हैनिमैन होम्योपैथी की खोज की और इसे एक प्रभावी उपचार प्रणाली के रूप में विकसित किया। उनकी चिकित्सा पद्धति विश्व भर में लोकप्रिय हुई और आज कई देशों में होम्योपैथी को एक वैध चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है। सभी ने डा. हैनिमन को याद किया। डॉ चंद्रशेखर वर्मा डॉ महेंद्र शुक्ला डॉक्टर मनोज शर्मा डॉ अजीत डॉक्टर दिनेश कुमार मौर्य देवी प्रसाद मौर्य संतोष कुमार महेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



## ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का जन सम्मेलन, मजदूरों को 125 दिन रोजगार देने का दावा

दैनिक बुद्ध का संदेश लोटन/सिद्धार्थनगर। विकास खंड लोटन क्षेत्र के बरवां एवं बस्तियां गांवों में विकसित भारत.जी राम जी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के प्रचार–प्रसार एवं जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही उपस्थित रहे ।सम्मेलन को संबोधित करते हुए सत्यप्रकाश राही ने कहा कि देश का समग्र विकास तभी संभव है, जब गांवों का विकास होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जी राम जी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि पहले मजदूरों को वर्ष में 100 दिनों का रोजगार मिलता था, जबकि अब सरकार द्वारा इसे बढ़ाकर 125 दिन किए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, पहले जहां मजदूरी 252 रुपये प्रतिदिन थी, उसे बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अब मजदूरी का भुगतान कार्य पूरा होने के सात दिनों के भीतर श्रमिकों के बैंक खाते में उपलब्ध कराया जाएगा ।इससे पूर्व खंड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन, ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणों को इसके लाभों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में कार्यस्थल पर कुदाल चलाकर मिट्टी की खुदाई के साथ योजना का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान उर्मिला देवी, एपीओ सत्य प्रकाश, दिलीप पटेल, सचिव सुमन पटेल, रविन्द्र जाटव, सुब्रत कुमार पाण्डेय, ईश्वर देव, नित्यानंद श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रमिक उपस्थित रहे।



दैनिक बुद्ध का संदेश



budhakasandesh.com
शुक्रवार , 03 जुलाई 2026



# सम्पादकीय

**मजे की बात यह है कि शर्मा जी का बेटा भी किसी वर्मा जी के बेटे से परेशान है। पूरा समाज एक–दूसरे के बच्चों से प्रतियोगिता कर रहा है और बच्चों को समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर जिंदगी है क्या ? हास्यास्पद बात यह है कि बड़े लोग बच्चों से कहते हैं, 'बेटा, आत्मविश्वासी बनो', और पांच मिनट बाद कहते हैं, 'इतना मत बोलो', हम चाहते हैं कि बच्चा स्वतंत्र भी हो और हमारी इच्छा का गुलाम भी...**

## समझ–समझ का फेर

बचपन बड़ा अजीब जीव है। बाहर से देखने पर लगता है कि बस छोटा–सा इनसान है, जिसकी जेब में टॉफी, हाथ में गुब्बारा और दिमाग में कार्टून घूम रहे हैं, लेकिन भीतर से देखा जाए तो वही छोटा–सा बच्चा भविष्य का पूरा समाज लेकर घूम रहा होता है। हम जिस बच्चे को आज डांटकर चुप करा देंगे, वही कल किसी ऑफिस में बॉस बनकर दस लोगों को चुप कराएगा, और जिस बच्चे को आज हर बात पर अपमान मिलेगा, वही कल फेसबुक पर लंबी–लंबी पोस्ट लिखकर दुनिया को अपमानित करने का कार्यक्रम चलाएगा। बचपन कोई 'ट्रायल वर्जन' नहीं है। यही असली सॉफ्टवेयर है। बाद में तो बस अपडेट आते रहते हैं। इसलिए जब बचपन में किसी बच्चे को बार–बार यह एहसास कराया जाता है कि वो किसी काम का नहीं है, तब भीतर कहीं एक गांठ पड़ जाती है। बाद के जीवन में वही गांठ कभी दब्बूपन बनकर निकलती है और कभी दबंगई बनकर। हमने अक्सर देखा है कि घरों में बच्चे को सुधारने के नाम पर ऐसा व्यवहार किया जाता है, जैसे बच्चा नहीं, कोई सरकारी फाइल हो जिसे लाल पेन से ठीक करना जरूरी हो। 'चुप रहो', 'बैठो', 'उधर मत जाओ', 'हंस क्यों रहे हो', 'रो क्यों रहे हो', 'इतने बेवकूफ कैसे हो सकते हो', बेचारा बच्चा सोचता होगा कि आखिर करे क्या? फिर एक दिन वही बच्चा बड़ा होकर या तो इतना दब जाता है कि बस 'जी सर, जी मैडम' कहते–कहते उसकी आत्मा भी सरकारी बाबू बन जाती है, या फिर वह ऐसा विद्रोही बनता है कि उसे समाज के किसी नियम–कानून की चिंता नहीं रहती। भीतर की चोट कभी गायब नहीं होती, बस उसका मेकअप बदल जाता है। दब्बू बच्चा बड़ा खतरनाक होता है, क्योंकि वह बाहर से शांत दिखाई देता है। समाज को लगता है कि सहयोगी प्रकृति का है, लेकिन असल में वह हर जगह डरता है– स्कूल में, नौकरी में, रिश्तों में। ऐसे लोग धीरे–धीरे अपनी इच्छाओं का गला घोंटते–घोंटते इतने पक जाते हैं कि एक दिन अचानक फूट पड़ते हैं। बच्चों पर चिल्लाते हैं, पत्नी पर गुस्सा निकालते हैं, या सोशल मीडिया पर राष्ट्र बचाने निकल पड़ते हैं। भीतर का दमन कहीं न कहीं रास्ता मांगता है। ऊर्जा अगर प्रेम में नहीं बहेगी तो गुस्से में बहेगी। अब समाज फिर उसी व्यक्ति को 'चिड़चिड़ा' कहता है, जबकि उसकी चिड़चिड़ाहट का बीज तो बरसों पहले हमने ही बोया था। दूसरी तरफ विद्रोही बच्चा है। यह वह प्राणी है जो बचपन में इतनी डांट खा चुका है कि बाद में हर बात पर विद्रोह का झंडा उठा लेता है। स्कूल में मास्टर ने डांटा, तो उसने बेंच पर 'मास्टर गधा है' लिख दिया। घर में पिताजी ने टोका, तो उसने बाल नीले कर लिए। समाज ने कहा सीधे चलो, तो उसने मोटरसाइकिल का साइलेंसर निकाल दिया ताकि पूरी कॉलोनी को उसके आने–जाने का पता चले। भीतर उसका दर्द वही है, फर्क सिर्फ इतना है कि दब्बू आदमी दर्द को छुपाता है और दबंग आदमी दर्द को माइक पर बोलता है। दोनों घायल हैं। एक चुपचाप रोता है, दूसरा स्पीकर लगाकर। यह सिर्फ समझ–समझ का फेर है। हम अगर थोड़ा ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे कि ज्यादातर लोग अपने बचपन की अधूरी लड़ाइयां ही लड़ रहे हैं। कोई हर वक्त खुद को साबित करने में लगा है, क्योंकि बचपन में उसे निकम्मा कहा गया था। कोई हर समय लोगों को कंट्रोल करना चाहता है, क्योंकि कभी उसके जीवन पर उसका अपना कंट्रोल नहीं था। कोई हर वक्त मजाक करता रहता है, क्योंकि भीतर कहीं बहुत दर्द है और हंसी उसका हेलमेट बन गई है। हमारे समाज में आधे लोग मनोवैज्ञानिक समस्या से नहीं, 'मम्मी–पापा स्पेशल एडिशन' से परेशान हैं। बचपन में अगर बार–बार तुलना की जाएगी, 'देखो शर्मा जी का बेटा', तो बच्चा धीरे–धीरे यह मान लेता है कि वह खुद कभी पर्याप्त नहीं हो सकता। फिर पूरी जिंदगी शर्मा जी के बेटे को हराने में निकल जाती है।

## राशि अनुसार पहनें सही रंग का धागा, बुरी नजर से होगा बचाव, मिलेगी सफलता



अक्सर आपने देखा होगा कि लोगों की कलाई या पैरों में धागा या अलग–अलग रंगों के धागे जरुर पहने होंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हर राशि का संबंध किसी न किसी ग्रह और तत्व से होता है। ऐसे में कई लोग राशि के अनुसार धागा भी धारण करते हैं। ज्योतिष में माना जाता है कि विभिन्न रंगों के धागे न सिर्फ व्यक्ति को नकारात्मक ऊर्जा, बुरी नजर और अशुभ प्रभावों से बचने में सहायक होते हैं, बल्कि यह मानसिक तनाव को कम करने और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने का कार्य भी करते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि राशि के अनुसार कौन–से रंग का धागा धारण करना शुभ माना जाता है। आइए आपको बताते हैं आपकी राशि के अनुसार कौन–सा धागा पहनना चाहिए।

राशि के अनुसार कौन से रंग का धागा पहनें

– मेष राशि के जातकों को लाल रंग का धागा धारण करना चाहिए। क्योंकि यह साहस और आत्मविश्वास को बढ़ाता है।

– वृषभ राशि वाले लोगों को सफेद रंग का रेशमी धागा पहनना चाहिए। इससे मानसिक शांति मिलती है।

– मिथुन राशि के जातकों को हरे रंग का धागा पहनना काफी लाभकारी सिद्द हो सकता है।

– कर्क राशि के जातक सफेद या चमकीले रंग का धागा पहन सकते है, यह आपके लिए शुभ है। इससे भावनात्मक संतुलन बनाता है।

– सिंह राशि वालों लाल, पीला या नारंगी रंग का धागा धारण करना शुभ होता है। यह सफलता दिलाता है।

– तुला राशि के लोगों को सफेद या हल्के गुलाबी रंग का धागा पहनना चाहिए।

– वृश्चिक राशि के जातकों लाल रंग का धागा शुभ माना गया है।

– धनु राशि के जातकों को पीले रंग का धागा पहनना चाहिए। यह भाग्य वृद्धि और गुरु ग्रह के शुभ प्रभाव बढ़ाता है।

– मकर राशि वालों के लिए काले रंग का धागा पहनना शुभ होता है।

– कुंभ राशि के लोगों के नीले रंग का धागा पहनना लाभकारी रहता है।

– मीन राशि के जातकों के लिए हल्के पीले रंग का धागा धारण करना शुभ होता है।

## कौन है भारत का नागरिक

**असम में हुई एनआरसी में देश ने देखा है कि जब नागरिकता ही कानूनी जांच का विषय बन जाती है, तो कागजात में कमियां कितनी बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकती हैं। इसके शिकार अक्सर गरीब, महिलाएं और मुस्लिम अल्पसंख्यक बनते हैं। अभी एसआईआर में भी यही तबका सबसे ज्यादा प्रताड़ित हुआ। इसलिए पासपोर्ट या आधार आदि पर बयान देने से बेहतर यह है कि सरकार सुविधाजनक, मजबूत और ...**

भारत का नागरिक कौन हो सकता है, क्या जिन लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड और इन सबके साथ–साथ पासपोर्ट भी है, उन्हें भी भारत का नागरिक माना जाए या नहीं, यह एक गंभीर सवाल विदेश मंत्रालय के एक बयान के बाद उठ रहा है। दरअसल बुधवार को विदेश मंत्रालय ने 14वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर देश में पासपोर्ट सेवाओं के विस्तार और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इसी दौरान मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि पासपोर्ट अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम बनाने के लिए जारी किया जाने वाला सरकारी दस्तावेज है, लेकिन यह अपने आप में नागरिकता का ठोस प्रमाण नहीं है। इसके बाद सवाल उठने लगे कि आखिर मोदी सरकार अब कोई नयी खिचड़ी पका रही है। क्योंकि कुछ समय पहले एसआईआर पर जब सुनवाई हो रही थी तो आधार कार्ड को नागरिकता का सबूत नहीं माना गया। जबकि आधार बनवाना हो या पासपोर्ट, इन सबके लिए कई घर के पते से लेकर बिजली या टेलिफोन बिल और मैट्रिक के प्रमाणपत्र तक कई तरह के दस्तावेज मांगे जाते हैं, पुलिस जांच की प्रक्रिया होती है, ताकि संदिग्ध व्यक्ति के हाथ में ऐसे महत्वपूर्ण पहचान पत्र न चले जाएं। जब हर तरफ से जांच पूरी होती है, तभी आधार और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज जारी होते हैं। लेकिन विदेश मंत्रालय के बयान के बाद सवाल पूछा जाने लगा है कि पैन कार्ड केवल आय से जुड़े कामों के लिए हैं, पासपोर्ट सफर के लिए, मतदाता



कार्ड वोट डालने और आधार बैंक खाता खोलने आदि के लिए है, तो फिर नागरिकता और किस तरह से साबित की जा सकती है। बता दें कि भारतीय नागरिकता कानून के अनुसार 26 जनवरी 1950 से 1 जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्म लेने वाला व्यक्ति जन्म से भारतीय नागरिक माना जाता है। इस दौरान माता–पिता की राष्ट्रीयता कोई मायने नहीं रखती थी। यानी माता–पिता विदेशी भी हों, तो भी बच्चा भारत में जन्म लेने पर भारतीय नागरिक होता था। लेकिन 1 जुलाई 1987 के बाद जन्मे व्यक्ति को नागरिकता तभी मिलेगी जब उसके माता–पिता में से कम से कम एक भारतीय नागरिक हो। 3 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे व्यक्ति को तभी नागरिक माना जाएगा जब दोनों माता–पिता भारतीय हों या एक भारतीय नागरिक हो और दूसरा अवैध प्रवासी न हो। अब विदेश मंत्रालय के एक अविचारित बयान के कारण अनावश्यक विवाद खड़ा हो गया है। पासपोर्ट एक्ट के तहत पासपोर्ट जारी किया जाता है, और नागरिकता एक्ट, 1955 के तहत नागरिकता तय होती है। पासपोर्ट कानून दस्तावेज की पुष्टि करता हैय नागरिकता कानून नागरिक की कानूनी स्थिति को। इसमें कोई कानूनी विवाद अब तक खड़ा नहीं हुआ है। ध्यान दें कि पासपोर्ट पर श्रिपब्लिक ऑफ इंडियाश लिखा होता है, यानी यह भारतीय गणराज्य का दस्तावेज है, इसे रखने वाले की पहचान इस पर लिखी होती है। विदेश यात्रा के लिए इसकी अनिवार्यता है, क्योंकि इसी पर दूसरे देश की सरकारें प्रवेश की अनुमति यानी वीजा चस्पां करती हैं, क्योंकि उन्हें यकीन है कि भारत सरकार ने इसे जारी करने से पहले धारक की नागरिकता की पुष्टि कर ली है। सरकारी अधिकारियों, सांसदों आदि के लिए सरकारी पासपोर्ट बनता है और जब वे आम व्यक्ति की श्रेणी में आते हैं, तो उनके पासपोर्ट का दर्जा भी बदल जाता है। भारतीय नागरिक भारत के साथ किसी अन्य देश का पासपोर्ट नहीं रख सकते हैं, याद कीजिए असम के मुख्यमंत्री हिमंताबिस्वा सरमा की पत्नी पर पवन खेड़ा ने तीन पासपोर्ट रखने के ही आरोप लगाए थे। ऐसे में यह सवाल जायज है कि अगर पासपोर्ट नागरिकता का सबूत नहीं है, तो फिर क्या है? कानूनी तौर पर पासपोर्ट से नागरिकता नहीं मिलती। और न ही यह वह कानूनी दस्तावेज है जो अदालत में नागरिकता पर सवाल उठने पर उसे तय करता है। ध ोखाधड़ी, माता–पिता के बारे में विवाद या गैर–कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने जैसे दुर्लभ मामलों में, नागरिकता को श्नागरिकता अधिनियमश के प्रावधानों और सहायक सबूतों के जरिए साबित करना पड़ सकता है। इसीलिए कानून की नजर में पासपोर्ट को हर स्थिति में पक्का सबूत नहीं माना जाता। मगर फिर भी यह तो तय है कि भारत का पासपोर्ट भारतीय नागरिक को ही जारी हो सकता है, किसी और को नहीं, इसलिए इसका व्यावहारिक महत्व अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू हुआ तो इसे गणतंत्र का दर्जा मिला और उसके बाद नागरिकों के पंजीकरण का काम धीरे–धीरे अलग–अलग तरीकों से शुरु हुआ। ऐसे में इस तथ्य को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि लाखों बुजुर्ग भारतीयों का जन्म तब हुआ था जब जन्म प्रमाणपत्र या जन्म के पंजीकरण जैसे काम नहीं होते थे। स्कूली प्रमाणपत्र, जमीन के रिकॉर्ड और वोटर लिस्ट में नाम अलग–अलग तरह से दर्ज थे।

## शहादत पर विवाद होना दुखद

**विशेष रूप से उन वीर जवानों के प्रति, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। श्इसी सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में सरकार ने सुनिश्चित किया है कि इन वीर सैनिकों के नाम राष्ट्रीय समर स्मारक द्धनेशनल वश्वर मेमोरियलत्र की दीवारों पर अंकित किए जाएं। रक्षा मंत्रालय ने जिस तरह की सफाई पेश की है, ऐसा अतीत में कभी नहीं हुआ। भारत पहले भी लड़ाइयों में उलझा है...**

मई 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ शुरु किए गए श्ऑपरेशन सिंदूरश में छह जवानों की शहादत हुई थी, जिनके नाम अब साल भर बाद जाकर मोदी सरकार ने सार्वजनिक किए हैं। शहीद छह जवानों के नाम नेशनल वॉर मेमोरियल में उकेरे गए हैं। देश की रक्षा और आत्मसम्मान के लिए अपने प्राणों को दांव पर लगाने और सर्वोच्च बलिदान देने के इस जज्बे की तारीफ शब्दों में नहीं की जा सकती न ही पर्याप्त कृतज्ञता जताई जा सकती है। कायदे से शहादत जैसे विषयों पर राजनैतिक बहस या विवाद भी नहीं होने चाहिए। लेकिन मोदी सरकार ने अब सेना को भी राजनैतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना शुरु कर दिया है। इसलिए शहादत पर विवादित बयानबाजी भी हो रही है। दरअसल 28 जुलाई 2025 को संसद सत्र के दौरान लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष से कहा था, श्आपको सवाल पूछना है तो ये पूछिए कि इस ऑपरेशन में क्या हमारे जांबाज सैनिकों को कोई क्षति पहुंची है तो उसका उत्तर है नहीं।श रक्षा मंत्री के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तैर रहा है, जिसमें सुनाई दे रहा है कि नहीं का उच्चारण उन्होंने पूरा जोर देकर किया था और तब सदन में मौजूद गृहमंत्री अमित शाह से लेकर तमाम बीजेपी सांसदों ने मेजें थपथपाकर मुस्कुराते हुए इस बयान का स्वागत किया था।





इस बयान को सुनकर यही समझ आता है कि राजनाथ सिंह साफ कह रहे हैं कि हमारे जवानों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। राजनाथ सिंह ने उसी वक्तव्य में आगे कहा था, श्प्रतिपक्ष के लोग पूछते रहे हैं कि हमारे कितने विमान गिरे, मुझे लगता है कि उनका यह सवाल राष्ट्रीय जनभावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। उन्होंने एक बार भी नहीं पूछा कि हमारी सेनाओं ने दुश्मन के कितने विमान गिराए। उन्हें सवाल पूछना ही है तो उनका प्रश्न ये होना चाहिए कि क्या भारत ने आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया, तो उसका उत्तर है हां। आपको प्रश्न पूछना है तो ये पूछिए कि क्या ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा तो उत्तर है हां।श जिस तरीके विपक्ष का नाम लेकर और उसके सवालों की नीयत पर सवाल उठाकर रक्षा मंत्री ने जवाब दिया, उसी से जाहिर था कि सेना के नाम पर मोदी सरकार राजनीति कर रही है। देश की सेना को वह मोदी सरकार की सेना की तरह बताकर उसके कामों का श्रेय अकेले लूटना चाहती है। जबकि कायदे से सेना जो भी करती है, उसकी तारीफ की हकदार केवल वही होती है, कोई राजनैतिक दल नहीं। बहरहाल, रक्षा मंत्री ने जब ये कह दिया था कि किसी जवान की क्षति नहीं हुई, तो यही माना गया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान का खूब नुकसान किया, लेकिन देश को कोई हानि नहीं हुई। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से कभी लड़ाकू विमान गिराने के दावे किए गए, कभी 10 से ज्यादा जवानों को मारने के। लेकिन इन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। अब छह जवानों के नाम सामने आए हैं, तो विपक्ष ने सवाल उठाए। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई को लेकर श्संसद को गुमराहश किया गया। एक्स पर श्री खेड़ा ने लिखा कि श्सिर्फ दो ही संभावनाएं हैं या तो रक्षा मंत्री को अपने ही मंत्रालय से जुड़े तथ्यों की जानकारी नहीं थी, जो उनकी क्षमता पर श्गंभीर सवालश खड़ा करता है, या फिर उन्हें सच्चाई मालूम थी और इसके बावजूद उन्होंने श्संसद को गुमराहश करने का फैघ्सला किया।श उन्होंने लिखा, श्जिस सरकार ने खुद को तिरंगे में लपेट रखा है और जो राष्ट्रवाद की बातें करते नहीं थकती, उसी सरकार ने इन वीरों को वह सम्मान और स्मरण नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे।श पवन खेड़ा ने कहा, श्इन वीरों के नाम देश की सामूहिक स्मृति में हमेशा के लिए दर्ज होने चाहिए थे। उनके परिवारों को यह महसूस होना चाहिए था कि पूरा देश उनके बलिदान को सम्मान के साथ याद कर रहा है। लेकिन इसके उलट, पूरे एक साल तक भाजपा सरकार ने उनकी शहादत को देश से छिपाए रखने का फैघ्सला किया।श इसी तरह के बयान अन्य दलों ने भी दिए, तो अब रक्षा मंत्रालय ने सफाई दी है कि श्कु छ सोशल मीडिया पोस्टों में 28 जुलाई 2025 को संसद में रक्षा मंत्री द्वारा दिए गए भाषण को गलत तरीकध्े से पेश करने की कोशिश की गई है। इन पोस्टों में भाषण के एक छोटे से हिस्से को चुनकर यह झूठा दावा किया गया है कि रक्षा मंत्री ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किसी भी भारतीय सैनिक की मौत नहीं हुई। यह दावा जानबूझकर भ्रामक तरीके से पेश किया गया है और पूरी तरह तथ्यात्मक रूप से गलत हैश। श्यह याद रखना चाहिए कि जब रक्षा मंत्री संसद में अपना भाषण दे रहे थे, उस समय मीडिया और सोशल मीडिया के कुछ हिस्सों में लगातार यह झूठा प्रचार किया जा रहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के पायलट मारे गए थे। यह दावा पूरी तरह गलत था, लेकिन ऑपरेशन की सफलता को कम करके दिखाने और जनता का मनोबल गिराने के उद्देश्य से इसे लगातार फैलाया जा रहा था। रक्षा मंत्री का संबंधित बयान इसी विशेष और भ्रामक दुष्प्रचार के जवाब में दिया गया था। इसलिए उनके बयान को उसी संदर्भ में समझा जाना चाहिए। रक्षा मंत्रालय के बयान में आगे बताया गया है कि श्यह भाषण भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और क्षमता को सम्मान देने वाला था और भारत को नुकध्सान पहुंचाने की कोशिश करने वालों के लिए एक स्पष्ट संदेश भी था। राजनीतिक समाचार विश्लेषण श्रक्षा मंत्री और भारत सरकार भारतीय सशस्त्र बलों के प्रत्येक सदस्य के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।



# टी20 विश्व कप का मिला ईनाम, विस्फोटक बल्लेबाजी से ईशान किशन बने दुनिया के नंबर–1 बल्लेबाज

ताजा आईसीसी खिलाड़ी रैंकिंग में भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने अपने ही साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के नंबर–1 बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया हैं। वहीं टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड पहली बार दुनिया के नंबर–1 बल्लेबाज बने हैं।

बता दें कि आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी नई रैंकिंग में ईशान किशन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ अंक रेटिंग हासिल की हैं। उनकी यह सफलता इस वर्ष खेले गए टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन का नतीजा मानी जा रही हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, ईशान ने पूरे टूर्नामेंट में 317 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट लगभग 200 का रहा। पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई उनकी विस्फोटक पारी के लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था।

गौरतलब है कि अभिषेक शर्मा लगभग एक वर्ष तक टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए थे। हालांकि अब वह ईशान किशन से केवल सात अंक पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस उपलब्धि के साथ ईशान किशन भारत के उन चुनिंदा बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नंबर–1 स्थान हासिल किया हैं। इससे पहले विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव भी यह उपलब्धि अपने नाम कर चुके हैं।



आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई दो मैचों की टी20 श्रृंखला के बाद आयरलैंड के कई खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा मिला हैं। टीम के कप्तान लोर्कन टकर चार स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 77वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं रॉस अडायर छह स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में भी आयरलैंड के तेज गेंदबाज मैथ्यू हम्फ्रीज ने शानदार प्रदर्शन का लाभ उठाया हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ श्रृंखला में चार विकेट लेकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की और अब 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में भारत के शिवम दुबे तीन स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं आयरलैंड के गैरेथ डेलानी और हैरी टेक्टर भी क्रमशः 24वें और 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में भी कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज ट्रैविस हेड पहली बार दुनिया के नंबर–1 टेस्ट बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने इंग्लैंड के हैरी ब्रूक को पीछे छोड़ा हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉटिंघम टेस्ट में हैरी ब्रूक और जो रूट के अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने का असर उनकी रैंकिंग पर भी दिखाई दिया हैं। हैरी ब्रूक दूसरे और जो रूट तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से अकेले नंबर–1 स्थान हासिल कर लिया हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

न्यूजीलैंड की इंग्लैंड पर मिली जीत का असर उसके खिलाड़ियों की रैंकिंग पर भी साफ दिखाई दिया हैं। रचिन रविंद्र सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। डेरिल मिचेल 11वें, डेवोन कॉनवे संयुक्त रूप से 15वें और टॉम लैथम संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ गेंदबाजी रैंकिंग में 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ और केमार रोच को भी श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला हैं। शमार जोसेफ संयुक्त रूप से 14वें और केमार रोच 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले टेस्ट हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर अपने करियर का खत्म किया है।

# वैभव सूर्यवंशी के क्मइनज पर सस्पेंस, कप्तान श्रेयस अय्यर के जवाब से इंग्लैंड सीरीज से पहले मचा बवाल

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला शुरू होने से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर एक अलग वजह से चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, मुकाबले से पहले आयोजित प्रेस वार्ता में उनसे युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर लगातार चल रही चर्चाओं और सोशल मीडिया पर हो रही प्रतिक्रियाओं के बारे में सवाल पूछा गया। अय्यर ने इस पर बेहद स्पष्ट और संक्षिप्त जवाब दिया, जिसके बाद उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।



बता दें कि भारत हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 श्रृंखला में 0–2 से हार गया था। इस हार के बाद टीम चयन को लेकर कई सवाल उठे थे। सबसे ज्यादा चर्चा 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर हुई, जिन्हें शानदार घरेलू और आईपीएल प्रदर्शन के बाद पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली थी। हालांकि उन्हें दोनों मुकाबलों में अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिला था।


इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले से पहले एक पत्रकार ने श्रेयस अय्यर से पूछा कि क्या वैभव सूर्यवंशी को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं ने टीम और कप्तान से ध्यान भटका दिया है। इस पर अय्यर ने कहा कि वह सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करते और न ही इस तरह की चर्चाओं पर ध्यान देते हैं।

श्रेयस अय्यर ने जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने इस तरह की कोई चर्चा नहीं देखी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह न तो समाचारों पर लगातार नजर रखते हैं और न ही सामाजिक माध्यमों पर चल रही हर प्रतिक्रिया को देखते हैं। इसलिए उन्हें इस विषय की जानकारी नहीं हैं। इसके बाद जब उनसे वैभव सूर्यवंशी के संभावित पदार्पण को लेकर सवाल किया गया तो भारतीय कप्तान ने टीम की रणनीति सार्वजनिक करने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी पहले से नहीं बता सकता कि आगे क्या होगा। टीम संयोजन पूरी तरह आंतरिक मामला है और विपक्षी टीम के सामने ऐसी जानकारी साझा नहीं की जा सकती हैं।

श्रेयस अय्यर के इस जवाब के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की अलग–अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ लोगों ने उनके जवाब को सख्त और बेबाक बताया, जबकि कुछ ने उनके व्यवहार पर सवाल भी उठाए। कई क्रिकेट प्रशंसकों का मानना था कि कप्तान ने पत्रकार के सवाल का सीधा जवाब देकर अनावश्यक विवाद से बचने की कोशिश की हैं। गौरतलब है कि इस पूरे घटनाक्रम पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि टीम के अंदर का माहौल और चयन प्रक्रिया को केवल खिलाड़ी और टीम प्रबंधन ही बेहतर तरीके से समझते हैं। उनके अनुसार मीडिया का सवाल पूछना और प्रशंसकों का अपनी राय रखना स्वाभाविक है, लेकिन टीम को बाहरी शोर से अलग रहकर फैसले लेने होते हैं। अब सभी की नजर इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले पर टिकी हुई हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वैभव सूर्यवंशी को इस सीरीज में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। यदि उन्हें फिर अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलती है तो टीम चयन को लेकर बहस एक बार फिर तेज होने की संभावना हैं। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ यह सीरीज केवल नतीजों के लिहाज से ही नहीं, बल्कि युवा खिलाड़ियों को अवसर देने के नजरिए से भी काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# बेल्जियम का चमत्कार! 2–0 से पिछड़ने के बाद एक्स्ट्रा–टाइम में सेनेगल को 3–2 से रौंदकर क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के राउंड ऑफ 16 में फुटबॉल इतिहास की सबसे यादगार और रोंगटे खड़े कर देने वाली वापसी देखने को मिली है। सिएटल के खचाखच भरे स्टेडियम में बेल्जियम ने एक समय पर हारी हुई बाजी को पलटते हुए एक्स्ट्रा–टाइम के बेहद रोमांचक मुकाबले में सेनेगल को 3–2 से शिकस्त दी। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही बेल्जियम ने शान से क्वार्टर फाइनल का टिकट कटा लिया है। मैच के असली हीरो यूरी टिएलेमैन्स रहे, जिन्होंने स्टॉपेज–टाइम के आखिरी सेकंडों में पेनल्टी को गोल में बदलकर अपनी टीम को चमत्कारी जीत दिलाई।



सेनेगल ने 2–0 की मजबूत बढ़त बनाने के बाद ज्यादातर समय मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। हबीब डियारा ने 25वें मिनट में गोल करके खाता खोलाय उन्होंने बेल्जियम के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाने के बाद करीब से गोल किया। इस्माइला सार ने दूसरे हाफ की शुरुआत में 51वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया। उन्होंने डिफेंस की गलती का फायदा उठाया और अफ्रीकी टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचा दिया। जैसे–जैसे समय बीतता गया, वे अगले दौर में पहुँचने के प्रबल दावेदार लग रहे थे।


हालाँकि, बेल्जियम ने हार नहीं मानी। लंबे समय तक सेनेगल के डिफेंस को तोड़ने में संघर्ष करने के बाद, उन्हें रेगुलर टाइम के आखिरी मिनटों में उम्मीद की किरण दिखी। रोमेलु लुकाकू ने 86वें मिनट में करीब से गोल करके बेल्जियम की टीम में उम्मीद जगाई। ठीक तीन मिनट बाद, बेल्जियम ने रेगुलर टाइम में ही शानदार वापसी की। बॉक्स में आए एक लो क्रॉस ने सेनेगल के डिफेंस में अफरा–तफरी मचा दी और टिएलेमैन्स ने सबसे तेजी से प्रतिक्रिया देते हुए 89वें मिनट में मैच को 2–2 से बराबर कर दिया, जिससे मैच एक्स्ट्रा–टाइम में चला गया।

टिएलेमैन्स ने एक्स्ट्रा–टाइम में स्कोर 3–2 कियाः एक्स्ट्रा–टाइम शुरू होने तक मैच का रुख पूरी तरह बदल चुका था, लेकिन सेनेगल ने काउंटर–अटैक से खतरा पैदा करना जारी रखा और थिबाउट कोर्टुआ को कई अहम बचाव करने पड़े। दोनों टीमों में थकान के बावजूद बेल्जियम लगातार आगे बढ़कर निर्णायक गोल की तलाश में जुटा रहा।

खास बात यह है कि निर्णायक पल एक्स्ट्रा–टाइम के स्टॉपेज–टाइम में आया, जब बॉक्स में फाउल के बाद ट।त ने दखल दिया। रेफरी हेक्टर मार्टिनेज ने 122वें मिनट में बेल्जियम को पेनल्टी दी, जिससे सेनेगल की टीम हैरान रह गई। इस बीच, भारी दबाव के बावजूद टिएलेमैन्स ने 1205वें मिनट में शांत मन से गेंद को टॉप कॉर्नर में पहुँचा दिया। सेनेगल ने आखिरी सेकंडों में जोरदार कोशिश की लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सके, और बेल्जियम ने अपनी बढ़त बनाए रखते हुए शानदार जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अब उनका मुकाबला ै। या बोस्निया और हर्जेगोविना में से जीतने वाली टीम से होगा। उनमें इन दोनों टीमों को हराने की क्षमता है, इसलिए सेमीफाइनल में जगह बनाने का मौका मिल सकता है।

# कीव पर रूस का अब तक का सबसे भीषण हमला! रातभर बरसीं मिसाइलें और ड्रोन, 8 की मौत, ढह गईं बहुमंजिला इमारतें

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध एक बार फिर बेहद हिंसक और विनाशकारी मोड़ पर पहुंच गया है। बृहस्पतिवार रात रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव (झलपअ) को निशाना बनाते हुए अब तक का सबसे भीषण मिसाइल और ड्रोन हमला किया। रातभर चले इस हवाई हमले में कम से कम 8 नागरिक मारे गए हैं और एक स्वास्थ्यकर्मी सहित 34 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स की इस बौछार से पूरी राजधानी दहल उठी और कई घंटों तक आसमान धमाकों की गूंज और आग की लपटों से लाल रहा।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य अधिकारियों की ओर से हमले को लेकर पहली बार सतर्क किए जाने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने मेट्रो स्टेशनों में शरण ली।



कीव शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमूर तकाचेंको ने बताया कि इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और आवासीय इमारतों व नागरिक बुनियादी ढांचों समेत 28 स्थानों पर भारी नुकसान की सूचना है। कीव के मेयर विताली क्लिट्स्को ने बताया कि कम से कम 34 लोग घायल हुए हैं। हाल के सप्ताहों में रूस ने कीव पर अपने हमले और तेज कर दिए हैं। वहीं, यूक्रेन भी रूस के सैन्य ठिकानों और ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर लगातार ड्रोन हमले कर रहा है जिससे रूस के भीतर ईंधन की कमी पैदा हो गई है तथा उसकी आपूर्ति शृंखला भी प्रभावित हुई है। क्लिट्स्को ने राजधानी पर ''दुश्मन के भीषण हमले'' होने की बात कहते हुए लोगों से सुरक्षित स्थानों पर ही रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि शेवचेंकिव्स्की जिले में पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों में से एक स्वास्थ्यकर्मी की हालत बेहद गंभीर है। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, इस जिले में एक होटल और दो पांच मंजिला आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा है। क्लिट्स्को ने बताया कि देस्न्यांस्की जिले में क्षतिग्रस्त नौ मंजिला आवासीय इमारत में कुछ लोग फंस गए, जिनकी मदद के लिए बचाव दल को मौके पर भेजा गया। आपातकालीन सेवा के अनुसार, होलोसिएव्स्की जिले में एक 16 मंजिला इमारत की छत पर आग लग गई। वहीं, स्वियातोशिनस्की जिले में दो घरों में आग लग गई। मेयर के अनुसार, इनमें से एक मकान के मलबे में लोग फंस गए थे। क्लिट्स्को ने बताया कि रूस की ओर से किए गए हमले के बाद दार्नित्स्की जिले में नौ मंजिला इमारत के छह फ्लोर ढह गए और एक अन्य पांच मंजिला आवासीय इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। आपातकालीन सेवा ने कहा कि इस क्षेत्र में 16 मंजिला इमारत और घर को भी नुकसान पहुंचा है।

तकाचेंको ने बताया कि हमले में देस्न्यांस्की जिले की एक आवासीय इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा। पेचेर्स्की जिले में दो स्थानों पर आवासीय इमारतों के पास और सोलोमियांस्की जिले में एक सरकारी इमारत के निकट आग लग गई। उन्होंने कहा कि अधिकारी ओबोलोनस्की और पोदिल्स्की जिलों में हुए नुकसान का भी आकलन कर रहे हैं। कीव क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख मायकोला कालशनिक ने कहा कि क्षेत्र के पांच जिलों में नुकसान हुआ है, हालांकि इस क्षेत्र में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# अमेरिका की ऐतिहासिक जीत में चमके और विलेन बने फोलारिन बालोगुन, जिदान–रोनाल्डिन्हो वाले खास क्लब में हुए शामिल

फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 32 के एक बेहद रोमांचक नॉकआउट मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका ने बोस्निया और हर्जेगोविना को 2–0 से हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में अमेरिका ने बोस्निया के वर्ल्ड कप के सफर को यहीं समाप्त कर दिया। हालांकि, यूएसए के स्टार स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन के लिए यह रात किसी रोलर–कोस्टर राइड जैसी रही, जहां उन्होंने गोल दागकर इतिहास तो रचा, लेकिन एक बड़ी गलती के कारण रेड कार्ड खाकर टीम की मुश्किलें भी बढ़ा दीं। 32वें मिनट में बालोगुन का एक गोल ऑफसाइड होने के कारण रद्द कर दिया गया था, लेकिन 45वें मिनट में उन्होंने अपने बाएं पैर से गोलकीपर निकोला वासिलज और दूर वाले पोस्ट के बीच से गेंद को नेट में डालकर इस वर्ल्ड कप में अपना तीसरा गोल किया। हालांकि, 64वें मिनट में मुहरमोविच के दाहिने टखने पर पैर रखने के कारण उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया गया। ै। ने एक और गोल करके बोस्निया को हराया और राउंड ऑफ 16 में बेल्जियम के खिलाफ मुकाबला तय किया। इस बीच, बालोगुन ने टूर्नामेंट के इतिहास में एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है।



नॉकआउट में गोल करने और रेड कार्ड पाने वाले पांचवें खिलाड़ी बने बालोगुन

बालोगुन USA के पहले और टूर्नामेंट के इतिहास में कुल मिलाकर चौथे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने वर्ल्ड कप नॉकआउट मैच में गोल किया और रेड कार्ड भी पाया। इससे पहले फ्रांस के जिनेदिन जिदान ने 2006 के फाइनल में यह कारनामा किया था, जबकि ब्राजील के पूर्व स्टार रोनाल्डिन्हो और गैरिंचा क्रमशः 2002 के क्वार्टर फाइनल और 1962 के सेमीफाइनल में इस लिस्ट में शामिल हुए थे। इस सस्पेंशन के कारण मोनाको का यह स्ट्राइकर को–होस्ट USA के लिए राउंड ऑफ 16 का मैच नहीं खेल पाएगा। टीम बेल्जियम के खिलाफ एक मुश्किल मुकाबले की तैयारी कर रही है, जिसने उसी दिन सेनेगल को 3–2 से हराया था। टीम के साथी खिलाड़ी क्रिश्चियन पुलिसिक ने इस सस्पेंशन पर बात की। बुधवार को मिली 2–0 की जीत के बाद साथी खिलाड़ी क्रिश्चियन पुलिसिक ने कहा, षसच कहूं तो, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे लिए यह बहुत बुरा लग रहा है। उन्होंने हमारे लिए बहुत कुछ किया है, और अब हम उनके साथ खड़े हैं। अगर उन्हें अगला मैच छोड़ना पड़ा, तो यह बहुत अजीब बात होगी।ष बाद में, मलिक टिलमैन ने 82वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया और बोस्निया के लिए मैच खत्म कर दिया। टिलमैन अब पिछले 32 सालों में वर्ल्ड कप में डायरेक्ट फ्री–किक से गोल करने वाले पहले अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी बन गए हैंय इससे पहले 1994 में एरिक विनाल्डा ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ ऐसा किया था। 2002 में राउंड ऑफ 16 में मेक्सिको पर जीत के बाद, वर्ल्ड कप के इतिहास में नॉकआउट मैच में यह अमेरिका की दूसरी जीत थी।

# बीएसए ने किया स्कूल का निरीक्षण

जौनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर ने पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कोठवार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं, जैसे आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास तथा मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान बीएसए ने जुलाई माह से शुरू होने वाले स्कूल चलो अभियान, शत–प्रतिशत नामांकन, स्वच्छता पखवाड़ा तथा वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बच्चों के साथ पंक्ति में बैठकर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी परखी और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। चार नए बच्चों का नामांकन कराया गया। नवीन प्रवेशी बच्चों को पुस्तकें, कॉपी, पेंसिल सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया।इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नामांकन अभियान को और प्रभावी बनाने का आह्वान किया।निरीक्षण के दौरान उनके साथ खंड शिक्षा अधिकारी करंजाकला श्रवण कुमार यादव तथा डीसी निर्माण हसन रजा व डी सी सतेंद्र गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# स्वात घाटी की सैफुल्ला झील में नाव पलटने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत, 3 लापता

पाकिस्तान के अशांत उत्तर–पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहाँ के बेहद खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थल स्वात जिले की कलाम घाटी में स्थित सैफुल्ला झील ैंपनिससी संम) में बुधवार को एक नाव पलटने से एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की डूबने से मौत हो गई। इस हादसे में परिवार के तीन अन्य सदस्य अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यह हादसा बुधवार को अपर स्वात जिले की कलाम घाटी स्थित सैफुल्ला झील में हुआ। सैफुल्ला झील एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। पुलिस के अनुसार, झील में सैर के दौरान नाव में सवार सभी नौ यात्री एक ही परिवार के सदस्य थे। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद 'रेस्क्यू 1122 स्वात' की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि महोदंद क्षेत्र के पास झील से छह लोगों के शव बरामद कर लिए गए जबकि लापता तीन अन्य लोगों की तलाश के लिए खोज अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों में शामिल सभी लोग पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के निवासी थे। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस घटना पर संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को निर्देश दिया कि अगर जांच में लापरवाही या कदाचार की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाए।



## श्रावस्ती में रोजगारपरक शिक्षा का नया केंद्र बना डॉ. सर्वपल्ली राधा.ष्णन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड हेल्थ साइंसेज

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती। जनपद के युवाओं को रोजगारपरक एवं गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉ. सर्वपल्ली राधा.ष्णन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड हेल्थ साइंसेज, श्रावस्ती लगातार अपनी पहचान बना रहा है। कॉलेज का कैंपस किसान इंटर कॉलेज, गिलौला, श्रावस्ती में स्थापित है, जहाँ विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।महाविद्यालय में नर्सिंग, पैरामेडिकल, हेल्थ साइंसेज तथा मैनेजमेंट से जुड़े विभिन्न जॉब ओरिएंटेड कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार के लिए पूरी तरह तैयार करना है, ताकि वे स्वास्थ्य एवं प्रबंधन क्षेत्र में सफल करियर बना सकें।कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। अनुभवी शिक्षकों, आधुनिक शिक्षण व्यवस्था तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग और स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जाता है।कॉलेज प्रबंधन ने इच्छुक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे संस्थान में संचालित रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# बहराइच पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 20.35 लाख की कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद, मेडिकल एजेंसी संचालक गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र में नशीली एवं प्रतिबंधित दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बहराइच पुलिस और औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध गोदाम से 8,140 शीशियां कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की हैं। बरामद दवाओं की अनुमानित कीमत 20.35 लाख बताई गई है। पुलिस ने मेडिकल एजेंसी संचालक अजय कुमार यादव उर्फ पवन यादव को गिरतार कर अवैध दवाओं के परिवहन में प्रयुक्त कार को भी सीज कर दिया है। यह कार्रवाई



पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्र एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना रुपईडीहा और थाना दरगाह शरीफ पुलिस की संयुक्त टीम तथा औषधि निरीक्षक विनय .ष्ण के सहयोग से की गई।पुलिस के अनुसार, 29 जून को आदर्श आयुर्वेदिक औषधि स्टोर, रुपईडीहा पर हुई छापेमारी में बड़ी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप, ट्रामाडोल कैप्सूल एवं अन्य नियंत्रित दवाएं बरामद हुई थीं। इस मामले में गिरतार स्टोर संचालक आदित्य कुमार मिश्रा से पूछताछ के दौरान पता चला कि अवैध दवाओं की आपूर्ति अजय कुमार यादव उर्फ पवन यादव करता था। इसके बाद पुलिस ने दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के असरफा परसौरा स्थित शिवांस मेडिकल एजेंसी और उसके निकट स्थित अवैध गोदाम पर छापा मारा।

तलाशी में 25 बोरियों में रखी 8,140 शीशियां कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद हुईं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह करीब 150 में खरीदकर 250 प्रति बोतल बेचकर अवैध मुनाफा कमाता था। पुलिस ने आरोपी को गिरतार कर उसके खिलाफ थाना दरगाह शरीफ में एनडीपीएस अधिनियम, बीएनएस की धारा 278 तथा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। मुख्य रूप से 8,140 शीशियां कोडीन युक्त कफ सिरप (अनुमानित कीमत 20.35 लाख),विभिन्न ब्रांड की प्रतिबंधित कफ सिरप,कैप्सूल की खेप एवं अवैध परिवहन में प्रयुक्त एक कार बरामद किया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि भारत–नेपाल सीमा पर नशीली एवं नियंत्रित दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## श्रावस्ती में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती

### अपना दल (यश) के जिलाध्यक्ष धनीराम पटेल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में जुटे सैकड़ों कार्यकर्ता

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में बुधवार, 2 जुलाई को अपना दल (यश) के संस्थापक एवं यशस्वी नेता डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अपना दल (यश) के जिलाध्यक्ष धनीराम पटेल के आवास, लक्ष्मणपुर में किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित वक्ताओं ने उनके सामाजिक न्याय, पिछड़े एवं वंचित वर्गों के उत्थान तथा जनसेवा के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।जिलाध्यक्ष धनीराम पटेल ने कहा कि डॉ. सोनेलाल पटेल के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. सोनेलाल पटेल के आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाने और समाजहित में कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश


गोंडा।जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मतदेय स्थलों के सम्भाजन (रैशनलाइजेशन) के संबंध में मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाताओं की सुविधा, निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप मतदेय स्थलों के सम्भाजन की प्रक्रिया को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना रहा।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए मतदेय स्थलों का वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक आधार पर सम्भाजन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरी प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के सभी मानकों और निर्धारित दिशा–निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए सुगम और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सके।डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के दौरान भौगोलिक स्थिति, मतदाताओं की संख्या, पहुंच मार्ग, भवन की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदेय स्थल के संबंध में कोई व्यावहारिक समस्या अथवा सुझाव प्राप्त होता है, तो उसका नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी मतदेय स्थलों के सम्भाजन को लेकर अपने सुझाव और विचार प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सुझावों का नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं पारदर्शी बनाती है।बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## आईजीआरएस जनशिकायत निस्तारण में श्रावस्ती बना प्रदेश का नंबर–1

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती।जून माह में श्रावस्ती के 8 थानों ने भी प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने टीम की सराहना की श्रावस्ती। जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में श्रावस्ती पुलिस ने प्रदेश भर में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जून माह की आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद श्रावस्ती ने 100 प्रतिशत शिकायत निस्तारण के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जनपद के 9 थानों में से 8 थानों ने भी जोन गोरखपुर सहित प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया।पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी चंद्रकेश सिंह के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारियों ने जनशिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया। उत.ष्ट कार्य के परिणामस्वरूप कोतवाली भिनगा, सिरसिया, हरदत्त नगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, नवीन मॉडर्न पुलिस थाना, मल्हीपुर और महिला थाना ने आईजीआरएस में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। जून माह के दौरान प्राप्त सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया गया। कोई भी प्रकरण डिफाल्टर या सी–श्रेणी में नहीं गया तथा सभी संदर्भों की समय पर मार्किंग की गई। वादियों का संतोषजनक फीडबैक भी 91.28 प्रतिशत दर्ज किया गया।पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित आईजीआरएस शाखा द्वारा सभी प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की गई। आईजीआरएस प्रभारी विपेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की टीम ने प्रत्येक शिकायत की सतत निगरानी करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया। भूमि विवाद से जुड़े मामलों का भी राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा निर्धारित समय सीमा में समाधान कराया जा रहा है।इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने आईजीआरएस कार्य में लगे सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।



### विद्युत उपकेंद्र के जेई और उपकेन्द्र पर जारी सीयूजी बन्द होने पर उठ रहा सवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई और उपकेन्द्र का सीयूजी नंबर सिर्फ बन्द रहने और व्यस्त रहने के लिए दिया गया है यह चर्चा का विषय बन गया है।बता दें मामला तब चर्चा में आया जब बीते रात्रि को आवास विकास विद्युत उपकेंद्र के अन्तर्गत कांशीराम कालोनी क्षेत्र में लगभग दो घंटों से विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही थी जिसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा लगातार विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई के सीयूजी पर कॉल करने के बाद एक बार घंटी गई और बाद में व्यस्त बताने लगा लेकिन आमजन ने विद्युत उपकेंद्र आवास विकास के सीयूजी नंबर पर कॉल किया तो स्वीच ऑफ था। स्थानीय लोगों के अनुसार रात्रि होते ही विद्युत उपकेंद्र आवास विकास से सम्बंधित क्षेत्रों में लगातार कटौती होने की सूचना मिलने लगता है।इसीलिए जब दिनांक 01.07.2026 को रात्रि लगभग 10 बजे विद्युत उपकेंद्र आवास विकास के सीयूजी पर कॉल किया गया तो स्वीच ऑफ था उसी समय आवास विकास विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई के सीयूजी पर कॉल किया तो पहले घंटी बजी उसके बाद से व्यस्त बताने लगा। अब सवाल यह उठता है कि जिम्मेदार विद्युत कर्मचारियों का सीयूजी नम्बर नहीं उठेगा तो लोग कैसे जानकारी देगे या लेंगे।लोगो में चर्चा यह भी है कि मुख्य अभियंता के कन्ट्रोल रूम का फोन उठ जाता है लेकिन जिम्मेदार उपकेंद्र के जेई और उपकेन्द्र पर मौजूद कर्मचारियों को मिला सीयूजी न उठना उच्च अधिकारियों के निगरानी पर बड़ा सवाल खड़ा करता है,वही लोग फोन न उठते पर सरकार के निर्देशो का अवमानना भी कह सकते हैं।

## 17 वर्षीय किशोरी की लाश बाग मे मिला,डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के माधवपुर चककत्ता गांव में गुरुवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी सुधा गौतम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बाग में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना मिलते ही पुलिस,डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाने लगे। प्राप्त सूचना के अनुसार परिजनो ने बताया की सुधा सुबह घर से बिना बताए निकल गई थी।काफी देर तक वापस न लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की।सुबह लगभग 10 बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित बाग में उसका शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया।



एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि किशोरी का शव बाग में मिला है,मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव को नीचे उतार दिया था।इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए, जबकि पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों का पैनल गठित किया गया है।वहीं पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी, ताकि मौत के कारणों की निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच हो सके।पुलिस के अनुसार प्रथम .ष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है,लेकिन अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी।जांच के दौरान एक और अहम तथ्य सामने आया है। परिजनों ने बताया कि सुधा सुबह शौच के लिए घर से निकली थी,जबकि घर में पहले से शौचालय मौजूद है।पुलिस इस पहलू की भी गहराई से जांच कर रही है। परिजनो के तरफ से तहरीर नहीं मिलने की बात कही जा रही है।परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि जांच के हर पहलू पर गंभीरता से काम किया जा रहा है और किसी भी संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

## पहली ही बारिश में बदहाल सड़क ने खोली विकास कार्यों की पोल

दैनिक बुद्ध का संदेश

विशेश्वरगंज (बहराइच)। क्षेत्र में हुई पहली बारिश ने विकास



कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेश्वरगंज–इकौना मार्ग पर सरवदी से ठाकुर पुरवा जाने वाला खड़ंजा मार्ग जगह–जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़क पर जलभराव और कीचड़ के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जर्जर स्थिति के चलते प्रतिदिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है, लेकिन संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। बरसात के दौरान हालात और भी गंभीर हो गए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने, जलनिकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने पीएम श्री विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

### स्कूल चलो अभियान को लेकर दिए सख्त निर्देश


पयागपुर बहराइच। जनपद में संचालित स्कूल चलो अभियान के दूसरे चरण के तहत मुख्य विकास अधिकारी ने पयागपुर क्षेत्र के झाला स्थित पीएम श्री विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए सीडीयो ने कहा कि 1 से 15 जुलाई तक चल रहे अभियान के दौरान 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों को ड्रॉपआउट तथा अप्रवेशित बच्चों का तत्काल चिन्हांकन कर उनका नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान बाल वाटिका एवं कक्षा–1 में अधिक से अधिक नामांकन कराने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्प और स्वागत किट देकर सम्मानपूर्वक स्वागत करने पर विशेष जोर दिया गया।उन्होंने घर–घर संपर्क अभियान, प्रभात फेरी और जन–जागरूकता रैलियों के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। साथ ही दिव्यांग, प्रवासी, मजदूर, ईंट–भट्ठों पर कार्य करने वाले तथा अन्य वंचित परिवारों के बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर नामांकन सुनिश्चित करने को कहा मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि हर बच्चा स्कूल में होगा, तभी उसका भविष्य उज्ज्वल बनेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अभियान की नियमित मॉनिटरिंग कर शत–प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।



# तेजतर्रार और निष्पक्ष पुलिसिंग की पहचान हैं सीओ हर्षिता तिवारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। क्षेत्राधिकारी (सीओ) हर्षिता तिवारी अपनी तेजतर्रार, निष्पक्ष और जिम्मेदार कार्यशैली के चलते पुलिस विभाग और आमजन के बीच एक अलग पहचान बना चुकी हैं। कानून–व्यवस्था को लेकर उनका सख्त लेकिन संवेदनशील रवैया उन्हें एक प्रभावी पुलिस अधिकारी के रूप में स्थापित करता है।अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और जनसुनवाई को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। किसी भी शिकायत की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लेना और तथ्यों के आधार पर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करना उनकी कार्यशैली की प्रमुख विशेषता मानी जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सीओ हर्षिता तिवारी बिना किसी भेदभाव के कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करती हैं। यही कारण है कि उनकी कार्यप्रणाली को लेकर आम नागरिकों में विश्वास और सकारात्मक छवि बनी हुई है।पुलिस विभाग में भी वे अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए जानी जाती हैं। कानून–व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के साथ–साथ आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान कराने का प्रयास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहता है।अपनी सक्रियता, कर्तव्यनिष्ठा और निष्पक्ष कार्यशैली के कारण सीओ हर्षिता तिवारी ने एक सक्षम एवं भरोसेमंद पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। आमजन को उनसे निष्पक्ष, संवेदनशील और प्रभावी पुलिसिंग की निरंतर अपेक्षा रहती है।



## कनहर बांध का जलस्तर बढ़ा, तीन फाटक खोले गए, डूब क्षेत्र के लोगों को सतर्क रहने की अपील

दैनिक बुद्ध का संदेश

दुद्धी (सोनभद्र)। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश का असर दुद्धी तहसील क्षेत्र के अमवार स्थित कनहर बांध पर साफ दिखाई देने लगा है। बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ते हुए बुधवार की रात्रि 9 बजे 261.50 रहा था, जहां आज बुधवार की शाम 5रू00 बजे लगभग 260. 50 मीटर तक पहुंच गया है। बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए गुरुवार की शाम करीब 5 बजे बांध के तीन फाटक खोल दिए गए।कनहर सिंचाई खंड–3 के अधिशासी अभियंता विनोद गुप्ता ने बताया कि जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। स्थिति पर विभाग की लगातार नजर बनी हुई है और आवश्यकता पड़ने पर अन्य फाटक भी खोले जा सकते हैं। उन्होंने डूब क्षेत्र में रहने वाले लोगों से अपील की कि वे कनहर बांध के सीमांकन क्षेत्र से बाहर सुरक्षित स्थानों पर रहें तथा किसी भी परिस्थिति में अपनी जान जोखिम में न डालें। यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। विभाग लोगों की सुरक्षा और सहायता के लिए पूरी तरह तत्पर है।उन्होंने यह भी बताया कि यदि छत्तीसगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी रहा तो जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है, जिसके चलते अतिरिक्त फाटक भी खोले जा सकते हैं। फिलहाल नहर परियोजना का कार्य पूरी तरह पूरा नहीं हुआ है, इसलिए जलस्तर को नियंत्रित रखने के लिए समय–समय पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।वहीं दूसरी ओर, सुंदरी गांव के करीवालेवा क्षेत्र के कई विस्थापित परिवारों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि विस्थापन पैकेज की सूची में नाम होने के बावजूद उन्हें अब तक मुआवजा नहीं मिला है। बढ़ते जलस्तर के कारण कुछ परिवारों के घरों तक पानी पहुंच चुका है। यदि जलस्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो क्षेत्र के अन्य घर भी प्रभावित हो सकते हैं, जिससे विस्थापितों की चिंता और बढ़ गई है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद में चला व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जनपद में गुरुवार को व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में



साफ–सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का निरीक्षण तथा नालियों की सफाई कराई गई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए गए।अभियान के दौरान सफाईकर्मियों, ग्राम पंचायत सहायकों, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता अपनाने तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया।आज संचालित अभियान के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। 52 ग्रामों में नालियों की सफाई कराई गई तथा 97 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई की गई। इसके अलावा 16 हैंडपंपों का मरम्मत कार्य कराया गया और 144 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।अभियान के तहत 26 पशुपालकों को भी जागरूक किया गया तथा .षक संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 21 बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं संचारी रोगों की रोकथाम के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जलभराव न होने दें तथा संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें।

## प्रभारी मंत्री ने 10 लाभार्थियों को टूलकिट का किया वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद) योजना के अंतर्गत 10 चयनित लाभार्थियों को टूलकिट वितरित की। इस अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे, अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, पूर्व सांसद नरेंद्र सिंह कुशवाहा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने उपायुक्त उद्योग विनोद कुमार चौधरी को निर्देशित किया कि जिन लाभार्थियों को टूलकिट उपलब्ध कराई गई है, उनके स्तर पर उसका वास्तविक उपयोग सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर लाभार्थियों के यहां जाकर सत्यापन किया जाए तथा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही लाभार्थियों को टूलकिट के प्रभावी उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि योजना का उद्देश्य पूर्ण हो सके।उन्होंने कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना स्वरोजगार को बढ़ावा देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए। कार्यक्रम के अंत में सदर विधायक भूपेश चौबे ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।






# कार्यालय : नगर पंचायत- बिस्कोहर जनपद- सिद्धार्थनगर

### ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद–सिद्धार्थनगर में वर्ष–2025–26 हेतु ''मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना'' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु नगर पंचायत बिस्कोहर के लिए ठेकेदारों से आनलाइन ई–निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों हेतु निविदा डाल सकता है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी http://etender.up.nic.in पर तथा नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन/अपलोड की तिथि। | 30.06.2026 |
| 02 | वेबसाइट से आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि। | 30.06.2026 अपराह्न 2.00 बजे से |
| 03 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 13.07.2026 सांय 3.00 बजे से |
| 04 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय। | 14.07.2026 अपराह्न 2.00 बजे से |
| 05 | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय। | 14.07.2026 अपराह्न 4.00 बजे से |
| 06 | निविदा मूल्य बिक्री की अन्तिम तिथि। | 10.07.2026 सांय 3.00 बजे से |
| 07 | ई–निविदा खोलने का स्थान। | कार्यालय नगर पंचायत बिस्कोहर |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत- डुमरियागंज**
**सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत- डुमरियागंज**
**सिद्धार्थनगर**

पत्रांक :– 242/न०पं०बिस्कोहर/2026–27 | दिनांक–30.06.2026


## बभनी के सेवा कुंज आश्रम में 60 युवतियों को मिला कौशल विकास प्रमाण पत्र, तीन माह का प्रशिक्षण संपन्न

**दैनिक बुद्ध का संदेश**

**सोनभद्र।** कारीडाड़ चपकी स्थित सेवा कुंज आश्रम में गुरुवार को तीन माह से चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। समारोह में 60 युवतियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।सेवाकुंज आश्रम में तीन माह से कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन में युवतियों को सिलाई–बुनाई, ब्यूटीशियन और




कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया। इसका उद्देश्य युवतियों को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ना है। गुरुवार को मां भारती और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया समारोह की मुख्य अतिथि इकदिरी हाई स्कूल की प्रधानाचार्य वंदना सिंह, अखिल भारतीय वनवासी क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख मनिराम पाल और क्षेत्रीय जनजाति प्रमुख हरीश रहे। इस दौरान बच्चों ने सांस्:तिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।मुख्य अतिथि वंदना सिंह ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार योग्य बनाते हैं और उनकी आजीविका में सुधार करते हैं। ये योजनाएं शिक्षा और उद्योग की मांग के बीच की खाई को कम करती हैं। युवाओं को नए तकनीकी कौशल सीखने और स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करती हैं।समापन समारोह में विमल सिंह, देवनारायण सिंह खरवार, राम लखन, मिथिलेश सिंह, शिव प्रसाद, सीताराम, लालजी सुमन समेत सभी प्रशिक्षणार्थी युवतियां और उनके अभिभावक उपस्थित रहे। सभी प्रशिक्षित युवतियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## केक काटकर व वृक्ष लगाकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।शक्तिनगर क्षेत्र के तारापुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 53 वें जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। समाजवादी मजदूर सभा प्रदेश सचिव मुकेश सिंह ने केक काटकर व वृक्ष लगाकर आने वाले विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश की जनता को पूर्व के अधूरे कार्य को पूरा किया जाएगा।वहीं कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्त्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने की हुंकार भरी। इस दौरान रविंद्र यादव, सुगेश यादव,राम सुरेश शाह, इरफान खान, इंद्रेश यादव, नीरज गुप्ता, आकाश गिरी, प्रेमलाल बियार, दिलीप चौधरी, अरशद अली के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## नवागत सीओ ने महिला थाना का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

दुद्धी (सोनभद्र)।क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सु.ढ़ करने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से नवागत क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर साहनी ने गुरुवार को दुद्धी महिला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न पटलों का रखरखाव देखा और आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।थाना परिसर में पहुँचते ही क्षेत्राधिकारी ने महिला हेल्प डेस्क, आगंतुक कक्ष, और विभिन्न अभिलेखों की गहनता से जाँच की। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाने आने वाली हर पीड़ित महिला की बात को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ सुना जाए। मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से कोतवाली दुद्धी के प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह और महिला थाना प्रभारी संतु सरोज अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। सीओ ने पुलिस बल को क्षेत्र में शमिशन शक्तिश अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का टास्क सौंपा।




## दस महिलाओं को हिंडाल्को ने बांटी सिलाई मशीनें,बभनी के असनहर में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की पहल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग रेनूकूट ने बभनी क्षेत्र के असनहर में दस युवतियों और महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित किया गया। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।गुरुवार को परिवार कल्याण केंद्र पर आयोजित इस कार्यक्रम में, हिण्डाल्को द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से छह माह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी महिलाओं को मशीनें दी गईं। इन पात्र महिलाओं को 50: अंशदान पर सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गईं।कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर प्रमुख अनिल कुमार झा के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि सहायक विकास अधिकारी .षि नीरज शाहु ने सभी युवतियों व महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित कीं।सिलाई मशीनें प्राप्त करने वाली महिलाओं में प्रमिला, प्रियंका कुमारी, अनीता कुमार, इन्दरमनिया ब्रह्मविद्या कुमारी, श्यामाकान्ती, दशमतिया, चन्दा कुमारी, इन्दरमनिया और सीमा देवी शामिल हैं।अनिल कुमार झा ने इस अवसर पर कहा कि हिण्डाल्को द्वारा क्षेत्र में विभिन्न प्रशिक्षण संचालित किए जा रहे हैं, ताकि स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि सीएसआर टीम प्रशिक्षणरत युवक–युवतियों और महिलाओं को किसी भी तकनीकी सहायता के लिए हमेशा मार्गदर्शन देने को तत्पर है।इस दौरान मुख्य ब्लाक संयोजक लालकेश कुशवाहा के साथ शिवपूजन, रामचरण, विजय पटेल, अजहर इमाम, राजे और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## घर छोड़कर गईं दो सगी बहनें दो घंटे में मिलीं, पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा।

**दैनिक बुद्ध का संदेश**

**नौतनवा, महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के रामनगर रेहरवा टोला से घर छोड़कर चली गईं दो सगी किशोरियों को अड्डा चौकी पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की तत्परता की क्षेत्र में



सराहना हो रही है।रामनगर रेहरवा टोला निवासी कंचना पत्नी इंद्रेश ने डायल–112 पर सूचना दी कि उनकी पुत्रियां शिवकन्या (17) और शिवनंदनी (16) घर से लापता हैं। सूचना मिलते ही अड्डा चौकी प्रभारी अखिलेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी लेकर दोनों की तलाश शुरू कर दी।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब दो घंटे में दोनों किशोरियों को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में किशोरियों ने बताया कि पिता द्वारा शराब के नशे में मारपीट किए जाने से नाराज होकर वे घर छोड़कर चली गई थीं।क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद दोनों किशोरियों को सुरक्षित उनके माता–पिता के सुपुर्द कर दिया गया। बरामदगी टीम में चौकी प्रभारी अखिलेश यादव के साथ कांस्टेबल राहुल यादव, प्रीतम, रामप्रीत और प्रभात शामिल रहे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

# डीएम ने आईटीआई का निरीक्षण कर किया वृक्षारोपण

दैनिक बुद्ध का संदेश

संत कबीर नगर।वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत चल रहे 'पेड़ लगाओ– पेड़ बचाओ' अभियान के तहत जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बघौली विकास खंड के बलूशासन स्थित महामाया पॉलिटेक्निक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटीआई) परिसर में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी, प्रभागीय वनाधिकारी हरिकेश यादव तथा ओएसडी राकेश कुमार भी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने पौधरोपण के बाद जनपदवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि




स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने महामाया पॉलिटेक्निक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटीआई) का निरीक्षण किया। एक ही परिसर में संचालित छात्र एवं छात्राओं के आईटीआई संस्थान की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने परिसर की साफ–सफाई, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, कक्षाओं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईटीआई के प्रधानाचार्य से छात्र–छात्राओं की संख्या, भोजनालय की व्यवस्था, शिक्षकों की उपलब्धता एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संस्थान में बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं मूलभूत सुविधाओं को और सु.ढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाओं के साथ अध्ययन का अवसर मिल सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# 9 साल पहले आई फिल्म जया जानकी नायक ने अब दुनियाभर में रचा इतिहास, यूट्यूब पर मिले 1 बिलियन व्यूज, रकुल प्रीत ने निभाया था लीड रोल




रकुल प्रीत सिंह और बेलमकोंडा साई श्रीनिवास की फ्लॉप फिल्म जया जानकी नायक ने अफने नाम रिकॉर्ड कर लिया है. ये इंडियन फिल्म यूट्यूब पर 1 बिलियन व्यूज पाने वाली दुनिया की पहली फिल्म बन गई है. फिल्म ने 1 बिलियन व्यूज का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

बता दें कि पीएसवाई म्यूजिक वीडियो का गंगनम स्टाइल ये आंकड़ा पार करने वाला पहला म्यूजिक वीडियो है. हालांकि, फिल्मों के मामले में जया जानकी नायक ने रिकॉर्ड बना लिया है. ये फिल्म 2017 में आई थी और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी.


रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 40 करोड़ के बजट में बनी थी और फिल्म ने 20 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था. फिल्म को रिव्यूज भी खराब मिले थे. हालांकि, यूट्यूब पर इस फिल्म को व्यूअर्स मिले और फिल्म ने धमाका कर दिया. बता दें कि फिल्म के तेलुगू वर्जन को जया जानकी नायक टाइटल मिला और हिंदी में फिल्म का टाइटल खूंखार था. चौनल ने हिंदी डब वर्जन 7 साल पहले रिलीज किया था. फिल्म को  बोयापति श्रीनू डायरेक्ट किया था.

उन्होंने फिल्म के रिकॉर्ड पर रिएक्ट किया है और एक पोस्ट शेयर किया. उन्होंने लिखा, 1 बिलियव व्यूज. 1000 मिलियन हार्ट्स. 100 करोड़ इमोशन्स. 1 फिल्म. पहली फिल्म जिसने ये माइलस्टोन पाया. प्यार और सपोर्ट के लिए थैंक्यू.

बता दें कि अल्लू अर्जुन की सर्राइनोडु ये रिकॉर्ड बनाने वाली पहली फिल्म बन सकती थी. लेकिन लाखों व्यूज वाले फिल्म का हिंदी वर्जन डिलीट करके दोबारा अपलोड किया गया था.

वर्क फ्रंट की बात करें तो डायरेक्टर श्रीनू ने अखंडा 2 बनाई. वहीं रकुल प्रीत सिंह को फिल्म पति पत्नी और वो दो में देखा गया. इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, वामिक गब्बी और सारा अली खान जैसे स्टार्स हैं.

# टॉक्सिक का नया टीजर जारी, लेडीज एंड लेडीज के साथ एक्शन करते दमदार लगे यश




कन्नड़ सिनेमा के सुपरस्टार यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिक का नया टीजर जारी हो गया है। फैंस की नाराजगी को दूर करते हुए निर्माताओं ने इस बार सभी हसीनाओं का दीदार टीजर में करा दिया है। लेडीज एंड लेडीज के नाम से आए इस धमाकेदार टीजर में कियारा आडवाणी नादिया का किरदार निभाती दिखीं और यश के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। वहीं नयनतारा (गंगा), तारा सुतारिया (रेबिका), रुक्मिणी वसंत (मेलिसा) और हुमा कुरैशी (एलिजाबेथ) के किरदारों में नजर आई हैं। टीजर की शुरुआत एक चेतावनी के साथ होती है। इसके बाद सभी हसीनाओं की एक–एक झलक दिखाई गई है। यह साबित करता है कि फिल्म सिर्फ हीरो–केंद्रित एक्शन नहीं है, बल्कि इसमें अभिनेत्रियां भी खतरनाक और महत्वपूर्ण रोल निभा रही हैं। वहीं यश दमदार एक्शन करते हुए नजर आए हैं। इसकी कहानी गोवा में ड्रग कार्टेल और खतरनाक स्मगलिंग के इर्द–गिर्द बुनी गई है। केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित टॉक्सिक 26 अगस्त, 2026 को रिलीज होगी। टॉक्सिक मूवी के ऑफिशियल एक्स हैंडल पर अलग–अलग भाषाओं में फिल्म का लेटेस्ट टीजर रिलीज किया गया है। टीजर में आपको नयनतारा, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी जैसी फीमेल कास्ट की झलक नजर आएगी। इसके साथ ही में मूवी एक्शन किस लेवल का होगा, वो भी टॉक्सिक का नया टीजर साफ दर्शा रहा है। टॉक्सिकरू ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन–अप्स का यह नया प्रस्तुतीकरण एक ऐसी दुनिया को और विस्तार देता है, जो जितनी खतरनाक है उतनी ही आकर्षक भी। प्रभावशाली विजुअल्स, स्टाइलिश एक्शन और रहस्य से भरे माहौल के साथ यह फिल्म एक अलग तरह का सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है।  इस टीजर को देखने के बाद टॉक्सिक को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर पहुंच गई है और वे इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार करने लगें हैं। गौर किया जाए टॉक्सिक की रिलीज डेट की तरफ तो 26 अगस्त 2026 को यश की ये बहुचर्चित फिल्म दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मालूम हो कि केजीएफ चौप्टर 2 की रिलीज के करीब 4 साल बाद यश इस मूवी से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं।

# मुंबई में पानी की कमी से परेशान कनिका महेश्वरी, बोलीं–अब हर बूंद का हिसाब रखना पड़ता है

टीवी अभिनेत्री कनिका महेश्वरी ने मुंबई में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पानी की कमी एक ऐसी



समस्या है, जो लोगों की पूरी दिनचर्या बदल देती है। उन्होंने सरकार से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की। कनिका महेश्वरी ने कहा, पानी की कमी का असर हर छोटे–बड़े काम को प्रभावित करता है। जब सुबह उठते ही यह चिंता हो कि खाना बनाने, सफाई करने या रोजमर्रा की साफ–सफाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा या नहीं, तब समझ आता है कि पानी जैसी जरूरी चीज कितनी अनमोल है। हम अक्सर शहर के विकास और बेहतर सुविधाओं की बात करते हैं, लेकिन सम्मानजनक जीवन की सबसे पहली जरूरत नियमित और साफ पानी है। कनिका ने कहा, लगातार पानी की कमी लोगों को अपनी जीवनशैली बदलने पर मजबूर कर देती है। पहले जहां लोग आराम से शॉवर लेते थे, वहीं अब पानी बचाने के लिए बाल्टी से नहाना पड़ता है। हर लीटर पानी सोच–समझकर इस्तेमाल करना पड़ता है। आप अपनी जरूरतों से ज्यादा पानी की खपत का हिसाब लगाने लगते हैं। यह परेशानी हजारों परिवार हर दिन झेलते हैं। जब तक कोई खुद इस स्थिति से नहीं गुजरता, तब तक उसके मानसिक बोझ को समझ पाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि जल प्रबंधन को लंबे समय की योजना के रूप में देखा जाए। शहर लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए पानी की व्यवस्था भी उसी हिसाब से मजबूत होनी चाहिए। लोगों को हर बार पानी की कमी के हिसाब से अपनी जिंदगी ढालने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। साफ और नियमित पानी की आपूर्ति कोई सुविधा नहीं, बल्कि हर परिवार का बुनियादी अधिकार है। कनिका ने कहा, पानी बचाने की आदत सिर्फ संकट के समय नहीं होनी चाहिए। हमें रोजमर्रा की जिंदगी में भी पानी की बर्बादी रोकनी होगी। जहां रिसाव हो, उसे तुरंत ठीक कराना चाहिए। जितना संभव हो, पानी का दोबारा इस्तेमाल करना चाहिए और छोटी–छोटी सावधानियां अपनानी चाहिए। अगर हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे तो हम मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आज बचाई गई हर बूंद आने वाले कल को सुरक्षित बना सकती है।

# बॉक्स ऑफिस पर वेलकम टू द जंगल की कमाई में उछाल, कॉकटेल 2, कैरी अश्न जट्टा 4, मां इंति बंगारम और मैं वापस आऊंगा ने भी दर्ज की अच्छी कमाई










बॉक्स ऑफिस पर मंगलवार का दिन सभी फिल्मों के लिए उत्साहजनक रहा। सस्ती टिकटों की पेशकश का असर सिनेमाघरों में साफ दिखाई दिया और लगभग सभी फिल्मों की कमाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर वेलकम टू द जंगल ने एक बार फिर टिकट खिड़की पर अपना दबदबा कायम रखा। फिल्म ने सोमवार को 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि सैकनिल्क की शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को इसकी कमाई बढ़कर 9.25 करोड़ रुपये पहुंच गई। इसके साथ ही रिलीज के पांच दिनों में फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 81.50 करोड़ रुपये हो गया है।

उधर, गिप्पी ग्रेवाल अभिनीत पंजाबी फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 भी दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रही। फिल्म ने सोमवार की तरह मंगलवार को भी 1. 40 करोड़ रुपये का कारोबार किया। पांच दिनों में इसका कुल भारतीय नेट कलेक्शन 10.60 करोड़ रुपये हो चुका है। शाहिद कपूर की कॉकटेल 2 नई रिलीज फिल्मों के बीच भी मजबूत प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने दूसरे सोमवार को 1.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि दूसरे मंगलवार को इसकी कमाई बढ़कर 1.85 करोड़ रुपये हो गई। 12 दिनों में फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 86.75 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वहीं, सामंथा रुथ प्रभु की मां इंति बंगारम ने भी बॉक्स ऑफिस पर स्थिर प्रदर्शन जारी रखा। फिल्म ने दूसरे सोमवार और दूसरे मंगलवार, दोनों दिन 1.60 करोड़ रुपये की कमाई की। इसके साथ ही 12 दिनों में इसका कुल भारतीय नेट कलेक्शन 51.45 करोड़ रुपये हो गया है।

इम्तियाज अली निर्देशित मैं वापस आऊंगा तीसरे सप्ताह में भी दर्शकों का साथ बनाए हुए है। फिल्म ने तीसरे सोमवार को 1.50 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि तीसरे मंगलवार को इसकी कमाई बढ़कर 1.75 करोड़ रुपये दर्ज की गई। 19 दिनों में फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 49.55 करोड़ रुपये हो गया है।

मंगलवार की कमाई के आंकड़े बताते हैं कि रियायती टिकटों की योजना का फायदा लगभग सभी फिल्मों को मिला। हालांकि, वेलकम टू द जंगल बॉक्स ऑफिस पर सबसे आगे बनी हुई है, जबकि कॉकटेल 2 भी लगातार मजबूत प्रदर्शन करते हुए 85 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है।

# कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन क्यों है सेहत के लिए फायदेमंद? जानें इसके 5 लाभ




कच्चे अंकुरित अनाज को सेहत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। ये न केवल स्वाद में अच्छे होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। अंकुरित अनाज में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ–साथ कई बीमारियों से बचाए रखने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कच्चे अंकुरित अनाज को खाने से क्या–क्या फायदे हो सकते हैं।

पाचन के लिए है बेहतरीन

कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन पाचन के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। ये फाइबर से भरपूर होते हैं, जो मल त्याग को आसान बनाते हैं और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाते हैं। इसके अलावा अंकुरित अनाज में मौजूद खास तत्व पाचन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इन्हें खाने से पेट साफ रहता है और पेट संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है।

वजन को नियंत्रित करने में सहायक

अगर आप वजन नियंत्रित करना चाहते हैं तो इसके लिए भी कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन लाभकारी हो सकता है। ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, लेकिन कैलोरी में कम होते हैं। इसलिए इन्हें खाने से पेट भरा हुआ महसूस होता है और ज्यादा खाने की इच्छा कम होती है। इसके अलावा अंकुरित अनाज में मौजूद फाइबर चर्बी के अवशोषण को कम करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

दिल की सेहत को बढ़ावा

दिल की बीमारियां आजकल आम हो गई हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने खाने–पीने का खास ध्यान रखें। इसके लिए कच्चे अंकुरित अनाज का सेवन फायदेमंद हो सकता है। ये खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके दिल की सेहत में सुधार कर सकते हैं। इसके अलावा इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दिल को स्वस्थ रखते हैं और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूती

शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली यानी इम्यूनिटी को मजबूत करने में भी कच्चे अंकुरित अनाज फायदेमंद हो सकते हैं। इनमें विटामिन–सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। ये इम्यूनिटी को मजबूती देने के साथ–साथ शरीर को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी देते हैं। इसके अलावा इनमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को दूर करने में भी मदद करते हैं।

मधुमेह के जोखिम में कमी

खून में शक्कर की मात्रा बढ़ने से मधुमेह का खतरा हो सकता है, लेकिन कच्चे अंकुरित अनाज से इस बीमारी के जोखिम कम किए जा सकते हैं। इनमें मौजूद फाइबर शरीर में इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसके अलावा इनमें मधुमेह रोधी गुण होते हैं, जो खून में शक्कर की मात्रा को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। हालांकि, मधुमेह रोगी इन्हें अपनी डाइट में शामिल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।